# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026











## खबर संक्षेप

### रुपए में ऐतिहासिक गिरावट पहली बार 95 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में भारी गिरावट और एफआईआई की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार के कारोबार के दौरान रुपया पहली बार डॉलर के मुकाबले 95 का आंकड़ा पार कर गया। भारतीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई है। यह 1 जनवरी, 2026 से अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4.1% गिर चुकी है।

### बड़ा फैसलाः 1 अप्रैल से बंद होंगे चीनी कैमरे



**नई दिल्ली।** भारत सरकार 1 अप्रैल से सीसीटीवी कैमरों को लेकर एक बड़ा फैसला लेने जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब चीन की बड़ी कंपनियों जैसे हिकविजन, दहुआ, और टीपी-लिंक के इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की बिक्री भारत में रोकी जा सकती है। नए एसटीक्यूसी नियम अगले महीने से लागू हो रहे हैं। इन नियमों के तहत किसी भी सीसीटीवी डिवाइस को बेचने से पहले मंजूरी लेना जरूरी होगा।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 10 से



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब 10 अप्रैल 2026 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होगी। प्रदेश में सबसे पहले भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम रीजन में खरीदी की जाएगी। जबकि बाकी संभागों में 15 मार्च से खरीदी शुरू की जाएगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने यह आदेश जारी कर दिया है। पहले 1 अप्रैल से खरीदी शुरू होनी थी। किसानों की मांग पर सरकार ने तारीख आगे बढ़ा दी है। खराब मौसम के चलते तारीख में बदलाव किया गया है।

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 'राजनीति में वंशवाद' पर कटाक्ष

# बिना योग्यता के बच्चों को राजनीति में लाने से खराब होता है इसका स्तर



डॉ. मोहन यादव

- सीएम बोले-श्रीराम को सिंहासन मिलने वाला था पर उन्हें वनवास मिला, वहीं विक्रमादित्य ने अपने बच्चों को राजा नहीं बनाया क्योंकि वे खुद समर्थ थे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

बच्चों को राजनीति में जबरदस्ती नहीं लाना चाहिए। अगर उनमें खुद का दम और काबिलियत होगी, तो वे राजनीति में खुद अपनी जगह बना लेंगे। बिना योग्यता के बच्चों को जबरदस्ती राजनीति में लाने से राजनीति का स्तर खराब होता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र विधानसभा में आयोजित मप्र-छत्तीसगढ़, राजस्थान के युवा विधायकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम और विक्रमादित्य का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रीराम को सिंहासन मिलने वाला था पर उन्हें वनवास मिला, वहीं विक्रमादित्य ने अपने बच्चों को राजा नहीं बनाया क्योंकि वे खुद समर्थ थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और देश 2047 के 'अमृत काल' की ओर तेजी से बढ़ रहा है। विधानसभा हॉल में शुरू हुए दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के करीब 65 में से 29 युवा विधायक शामिल हुए। सम्मेलन की शुरूआत पारंपरिक लोक नृत्य से हुई।




सम्मेलन में बैठे विधायक

**राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी**

- युवा विधायक सम्मेलन में 'लोकतंत्र और विकसित भारत 2047' पर मंथन
- समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और अन्य विशेषज्ञ भी शामिल होंगे

### जनप्रतिनिधि ईमानदारी से कार्य करें: तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी से तय होती है। उन्होंने युवा विधायकों को बदलाव का वाहक बताते हुए कहा कि वे नई सोच और ऊर्जा के साथ राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि ईमानदारी से कार्य करें, तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत बन सकता है।

### जनता की आवाज विधानसभा तक मजबूती से पहुंचे: सिंघार

*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने छात्र संघ चुनावों की बहाली की जरूरत बताते हुए कहा कि नेतृत्व की शुरूआत कॉलेज स्तर से होती है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब जनता की आवाज विधानसभा तक मजबूती से पहुंचे। जनप्रतिनिधियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्र की जरूरतों और सीमित संसाधनों के बीच संतुलन बनाना है। उन्होंने राजनीति में भेदभाव से बचने और विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।*

### सीएम ने दिए ये भी मंत्र

- जनता के बीच बने रहने के लिए विनम्रता को धारण करें
- इलाके की अच्छाई को भी समझें और कमजोरी को भी समझें
- अनुशासन के आधार पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पार्टी आपसे क्या अपेक्षा रखती है?
- पार्टी के साथ बुरे वक्त में बने रहें
- अपने सारे कामों की चिंता करें, बगैर कोई तनाव पाले, बड़ी से बड़ी परेशानी आए तो शांति से उसका मार्ग निकालें

आजादी के बाद देश की 16वीं जनगणना 1 अप्रैल से

## व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह होगा गोपनीय, आरटीआई से भी नहीं मिलेगा जवाब



पत्रकार वार्ता करते जनगणना आयुक्त व अन्य अधिकारी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 1 अप्रैल से जनगणना शुरु होगी। पहला चरण में अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकान सूचीकरण व आवास गणना होगी। दूसरा चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए हैं। इसमें पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। आजादी के बाद यह देश की 16वीं जनगणना होगी और नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। जनगणना पहले 2021 में प्रस्तावित थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

- सरकार ने जारी किए जनगणना से जुड़े 33 सवाल
- लिव-इन कपल्स को शादीशुदा मानने का प्रावधान
- इसमें पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी
- करीब 32 लाख फील्ड कार्यकर्ता डेटा जमा करेंगे

**ये पूछे जाएंगे सवाल**

सरकार की तरफ से जारी हुए फ्रीक्वेंटली आस्क क्वेश्चन (एफएक्यू) के अनुसार अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा जोड़ा अपने संबंध को स्थिर मानता है।

भोजशाला परिसर विवाद फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी और साक्ष्यों का मुद्दा उठाया

*हाईकोर्ट प्रक्रिया पर उठाए सवाल, दलीलों को सुने बिना प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उचित नहीं*



भोजशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर**

धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में चल रहे विवाद ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाली कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच की कार्यवाही से असंतुष्टि जताते हुए देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आवेदन में मांग की गई है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को होने वाली प्रस्तावित सुनवाई से पहले, उनकी आपत्तियों पर 1 अप्रैल को ही विचार किया जाए।

3 से 5 अप्रैल को होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम'

## उज्जैन में होगा प्राचीन ज्ञान परंपरा अंतरिक्ष विज्ञान पर 'वैश्विक मंथन'



■ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा। साथ ही यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग (उपग्रह निर्माण) विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

प्रवासी मजदूरों व छात्रों के लिए सुविधा

## सरकार लाएगी 5 किलो के छोटे सिलेंडर, आ रहा है नया नियम

*नोटिफिकेशन एक दो दिन में होगा जारी*

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**


केंद्र सरकार आम लोगों खासकर प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देने की तैयारी में है। पेट्रोलियम मंत्रालय जल्द ही 5 किलो का छोटा एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है, जिससे बिना गैस कनेक्शन वाले लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। एक दो दिन में नोटिफिकेशन जारी हो सकता है। छोटे सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं का अबतक कोई ठोस डेटा नहीं रहता है, नए नियमों में इनकी खरीद के लिए आधार केवाईसी की अनिवार्यता लागू हो सकती है।



छोटा सिलेंडर

### कैसे मिलेगा सिलेंडर?

- बिना गैस कनेक्शन के भी सिलिंडर मिल सकेगा
- केवल आधार कार्ड दिखाकर इसे खरीदा जा सकेगा
- गैस एजेंसियों के जरिए इसकी आपूर्ति होगी
- क्यूआर कोड और यूनिक ट्रैकिंग सिस्टम




सुप्रीम कोर्ट ने किया आदेश में संशोधन, दो मामले किए रिकॉल

अप्रैल के दूसरे हफ्ते में सुनवाई

## 13 फीसदी आरक्षण को 'होल्ड' रखने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट खुद करेगा सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश में चल रहे ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए दो मामलों को रिकॉल किया है। अब 13 फीसदी आरक्षण को होल्ड रखने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट खुद सुनवाई करेगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट दूसरे अप्रैल के दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाले मामले को रिकॉल किया गया है, जिसकी सुनवाई अप्रैल के दूसरे हफ्ते में होगी। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने 54 और याचिकाएं जबलपुर हाईकोर्ट में ट्रांसफर की हैं। ओबीसी आरक्षण से जुड़ी 103 याचिकाओं पर हाईकोर्ट 2 से 15 अप्रैल तक नियमित सुनवाई करेगा। ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कोर्ट में दलील देने वाले सीनियर एडवोकेट रामेश्वर सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के प्रकरणों में 19 फरवरी 26 को पारित आदेश में महत्वपूर्ण संशोधन किया है।

**कोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाले मामले को रिकॉल किया**



सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को हाईकोर्ट भेजा था केस

*जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे के समक्ष एक दर्जन मामले नियत थे। जिनमें ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर ने नियमित सुनवाई के आवेदन दाखिल किए थे। इनमें सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को फाइनल आदेश पारित कर एमपी हाईकोर्ट को वापस भेज दिए थे और सुप्रीम कोर्ट ने एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से उक्त समस्त प्रकरणों को विशेष बेंच गठित कर 3 महीने के अंदर निराकरण करने के आदेश पारित किए थे।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राजगढ़ जिले के कुरावर में ओले गिरे


नीमच जिले में भी ओले गिरे

## पारा 5 डिग्री गिरा चार दिन रहेगा ऐसा ही मौसम

# दर्जनभर जिलों में बारिश कुछ जगह ओले भी गिरे

- सोमवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा
- शाम को बारिश के बाद 32 डिग्री के करीब पहुंच गया
- सबसे अधिक पारा खजुराहो में 40.4 और नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में सोमवार को आंधी-बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का दौर रहा। इससे बारिश वाले जिलों में पारा 4 से 5 डिग्री तक गिर गया। भोपाल सहित डेढ़ दर्जन जिलों में दोपहर बाद बारिश और आंधी से तापमान में तेजी से कमी आई।

भोपाल में दिन का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो शाम 5 से 7 बजे के बीच हुई बारिश के बाद 32 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश में दिन में औसत पारा एक डिग्री तक बढ़कर औसतन 38 डिग्री रहा। सबसे अधिक पारा खजुराहो में 40.4 और नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन से चार दिन कई जिलों में बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश और आसपास सिस्टम सक्रिय होने से अगले तीन से चार दिन आधे से अधिक प्रदेश में बारिश-आंधी और कुछ जगह ओले गिरने का दौर रहेगा। इस बीच दिन के तापमान में भी तेजी से कमी आएगी।

### यहां दोपहर बाद हुई बारिश

सुबह से बैतूल, मंदसौर, रतलाम में कुछ जगह बारिश के साथ ओले गिरे। नौगांव, नरसिंहपुर, दतिया और ग्वालियर में भी बारिश हुई। दोपहर बाद कई इलाकों में बारिश हुई। इनमें खंडवा, बैतूल, देवास, नीमच, श्योपुरकलां और खरगोन में मध्यम आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। नीमच, मंदसौर, अनूपपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, इंदौर, बड़वानी, धार, शाजापुर, रतलाम, उज्जैन, रीवा में भी गरज- चमक के साथ बारिश हुई। सीहोर भोपाल में मध्यम हवाओं के साथ गरज-चमक और कुछ जगह तेज बौछारें पड़ीं।

### आज यहां ओले-बारिश का अलर्ट

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार तक खंडवा, खरगोन, विदिशा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, इंदौर, देवास, बड़वानी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, कटनी सहित दो दर्जन जिलों में बारिश होगी। कुछ जगह ओले भी गिरेंगे। ग्वालियर, दतिया, भिंड और मुरैना में ओले गिरने की संभावना है। भोपाल, रायसेन, सीहोर, देवास, विदिशा, राजगढ़, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना में भी तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अलर्ट है।

## खबर संक्षेप

### रूस के यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए चयन



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट सारा पांडे ने इतिहास रच दिया है। उनका चयन प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2026 के लिए हुआ है, जहां वे रूस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से चुनी जाने वाली वे एकमात्र छात्रा हैं। सारा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया है, जिनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने एनसीसी जॉइन की थी।

### गोदाम से बिक रहा था डीजल, पुलिस की दबिश



**सीहोर।** जिले में सक्रिय डीजल माफिया के खिलाफ जावर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध भंडारण का पर्दाफाश किया है। मुखबिर की सूचना पर इंदौर-भोपाल रोड स्थित एक गोदाम पर दी गई दबिश में 32 ड्रमों में भरा 4825 लीटर डीजल बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए है। पुलिस ने मौके से शाजापुर निवासी आरोपी दीपसिंह परिहार को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं।

### पाक कॉस्मेटिक्स बिक्री पर दुकानदारों पर केस दर्ज



**छत्रपति संभाजीनगर।** यहां प्रतिबंधित पाकिस्तानी सौंदर्य प्रसाधन बेचने के आरोप में पुलिस ने तीन दुकानदारों- मोहम्मद अबरार, अंकुर अग्रवाल और जुमान खान पर मामला दर्ज किया है। मनसे पदाधिकारियों की शिकायत पर सिटी चौक पुलिस ने तीन दुकानों पर छापेमारी कर साबुन समेत 28 प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त कीं। इन आरोपियों पर विदेशी व्यापार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

## नक्सल मुक्त भारत बनाने की डेडलाइन आज तक की

## लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह-देश अब लगभग नक्सलवाद से मुक्त

# जो हथियार उठाएगा कीमत चुकाएगा गोली का जवाब गोली से ही मिलेगा

*शाह ने कहा कि सिर्फ नक्सलियों के मानवाधिकार की बात क्यों होती है। नक्सलियों से पीड़ित लोगों के मानवाधिकार की बात क्यों नहीं होती। मानवता के दोहरे चरित्र को हम नहीं मानते*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को नक्सल मुक्त भारत पर अहम बहस हुई। केंद्र सरकार की ओर से नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान का पूरा खाका पेश किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के समय आदिवासियों का विकास नहीं हुआ। पहले देश के 12 राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे और अब यह लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने नक्सलवाद के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार की नीतियों को भी दोषी ठहराया।

अमित शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं। इससे देश के पिछड़े इलाकों का विकास हुआ। फिर नक्सलवाद को खत्म करने का अभियान शुरू हुआ क्योंकि इन इलाकों में नक्सलवाद के चलते विकास में काफी परेशानी आ रही थी। शाह ने कहा कि सीएपीएफ, कोबरा, राज्य पुलिस, डीआरजी के जवान और स्थानीय आदिवासियों को इसका श्रेय जाता है।

- पहले देश के 12 राज्य नक्सलवाद से प्रभावित थे और अब यह लगभग समाप्त हो गया
- सीएपीएफ, कोबरा, राज्य पुलिस, डीआरजी के जवान और स्थानीय आदिवासियों को इसका श्रेय


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में बोलते हुए

**बस्तर में हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली, हर गांव में विकास पहुंचा**

**शाह ने नक्सलवाद के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार की नीतियों को भी दोषी ठहराया**

### कांग्रेस पर किया हमला

### ये अपने आदर्श भी विदेश से इंपोर्ट करते हैं


शाह ने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश के सामने स्वीकार किया था कि कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट से भी बड़ी चुनौती देश के सामने नक्सलवाद है, लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। 12 राज्यों को रेड कॉरिडोर बना दिया गया और वहां कानून का शासन समाप्त कर दिया गया। 12 करोड़ लोग गरीबी के अंदर सालों तक जीते रहे। दोनों तरफ़ से 20 हज़ार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए, आख़िर इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इनके आदर्श देखिए, हमारे 10 हज़ार साल के इतिहास में कितने महान महापुरुष हुए हैं। इन्होंने तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा, भगत सिंह और सुभाष बाबू को आदर्श नहीं माना।

### सीपीआई ने तो अंग्रेजों का भी समर्थन किया था

शाह ने कहा कि जैसे ही रूस में साम्यवादी सरकार का गठन हुआ, यहां 1925 में सीपीआई की स्थापना हुई। रशिया में कम्युनिस्टों की सरकार बनना, और उसी समय यहां सीपीआई की स्थापना होना...इसके बीच में कोई संबंध है क्या? जिस पार्टी की नींव ही किसी दूसरे देश की प्रेरणा से रखी गई, वो हमारे देश का भला कैसे सोचेंगे? इन्होंने तो अंग्रेजों का भी समर्थन किया था।

### नक्सलियों के मानवाधिकार की बात क्यों?

गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग बातों से नहीं मानते हैं, उनके लिए बल प्रयोग जरूरी होता है। विपक्ष नक्सलवाद का महिमामंडन न करे। नक्सलियों से लड़ते हुए 5 हजार सुरक्षाबल शहीद हो गए।



एआई इमेज

## डोनाल्ड ट्रंप खुद ही अपनी पीठ थपथपा रहे

# ईरान हमें तेल के 20 टैंकर दे रहा, अगले हफ्ते डील संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद ही अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान हमें हमारे सम्मान के लिए तेल के 20 टैंकर दे रहा है। एक दो दिन में ये आ जाएंगे। कुछ और टैंकर होर्मुज पास से निकलने वाले हैं। ट्रंप दावा कर चुके हैं कि ईरान 10 बड़े तेल टैंकर दे चुका है। उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह कदम सम्मान दिखाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान के साथ बातचीत पाकिस्तान के जरिए चल रही है और यह बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उनके अनुसार अमेरिका इस बातचीत में मजबूत स्थिति में है। हालांकि , उन्होंने यह भी माना कि अभी समझौता तय नहीं है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ्ते जल्द कोई डील हो सकती है।

- ईरान की मुझे जो चीज पसंद है, वह है तेल
- हमने सत्ता परिवर्तन करवा दिया
- ईरान के नए लोग भले, उनसे बात हो रही है

### खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने की तैयारी

इसी दौरान ट्रंप ने सख्त रुख दिखाते हुए खर्ग द्वीप को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस द्वीप को अपने कब्जे में लेने के विकल्प पर विचार कर रहा है। यह वही जगह है, जहां से ईरान का करीब 90 प्रतिशत तेल निर्यात होता है।

### ट्रंप का दावा- ईरान से शर्तें मानी

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए रखी गई 15 शर्तों में से ज्यादातर मान ली हैं। उनके मुताबिक दोनों देशों के बीच सीधे और परोक्ष दोनों तरह की बातचीत चल रही है। इस बीच इस्लामाबाद में एक अहम बैठक हुई, जिसमें मिस्त्र, तुर्किए, सऊदी अरब और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

### ईरान से 450 किलो यूरेनियम छीनने उतरेगी यूएस आर्मी

ट्रंप ईरान में एक बहुत ही जोखिम भरे मिलिट्री ऑपरेशन पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या अमेरिकी सेना को ईरान भेजकर ईरान की सबसे बेशकीमती चीज 453.5 किलोग्राम एनरिच्ड यूरेनियम पर कब्जा कर लिया जाए।

### स्पेन ने अमेरिकी विमानों के लिए एयर स्पेस बंद किया

स्पेन के रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बात पहले ही अमेरिका और उनकी सेना को स्पष्ट कर दी गई थी।

## उज्जैन के झारड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना

# 11 साल की मासूम से गैंगरेप, 75 साल के बुजुर्ग ने दी पनाह और बाहर की 'पहरेदारी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के झारड़ा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दो नाबालिगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस जघन्य अपराध में चौंकाने वाली बात यह है कि 75 वर्षीय एक बुजुर्ग ने न केवल अपने घर में जगह दी, बल्कि वारदात के दौरान बाहर पहरा भी दिया। पुलिस के अनुसार घटना 28 मार्च की है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली पीड़िता को गांव के ही दो नाबालिग (14 और 15 वर्ष) बहला-फुसलाकर भंवर सिंह (75) के घर ले गए।


भंवर | राहुल | नाथू स्वरूप

*वीडियो भी बनाया, सभी 5 आरोपी गिरफ्तार*

### दो बच्चों के पिता ने घर बुलाकर किया दुष्कर्म

**रतलाम।** जिले के जावरा में 42 वर्षीय एक व्यक्ति ने 5 साल की मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। घटना रविवार शाम की है, जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी शाकीर (42), जो स्वयं दो बच्चों का पिता है, मासूम को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

## मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग

# इंदौर में आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों की आज होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग (एमपीएल) के आगामी सीजन के लिए आज यानी 31 मार्च को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में ऐतिहासिक नीलामी होने जा रही है। दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाली इस नीलामी में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस बार लीग में टीमों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 कर दी गई है।


एआई इमेज

नीलामी में आवेश खान, कुलदीप सेन और आशुतोष शर्मा जैसे बड़े नामों पर धनवर्षा होने की उम्मीद है। वहीं, वेंकटेश अय्यर (12.5 लाख) और रजत पाटीदार (7 लाख) को पहले ही रिटेन किया जा चुका है।

# लोही गांव में दिल दहला देने वाली वारदातः बुजुर्ग महिला की सिर काटकर हत्या, इलाके में सनसनी

**बिछिया थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय लीलावती पटेल का धड़ खेत में मिला, 200 मीटर दूर गेहूं के खेत से बरामद हुआ सिर; पुलिस ने ड्रोन और डॉग स्क्वॉड के साथ शुरू किया सर्च ऑपरेशन**

रीवा।

जिले में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने एक ऐसी वारदात को अंजाम दिया है, जिसने रूह कंपा दी है।बिछिया थाना अंतर्गत लोही गांव में सोमवार को एक बुजुर्ग महिला का सिर कटा शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया अपराधियों की क्रूरता का आलम यह था कि वे हत्या के बाद महिला का सिर अपने साथ काटकर ले गए। बता दे बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड स्थित लोही गांव में सोमवार को एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला लीलावती पटेल की सिर कटी लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हत्या की क्रूरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आरोपियों ने महिला की बेरहमी से हत्या करने के बाद उसका सिर धड़ से अलग कर अपने साथ ले गए। पुलिस को घटनास्थल से केवल धड़ बरामद हुआ है, जबकि कटे हुए सिर की तलाश के लिए पुलिस ने बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर किया। डॉग स्कॉट की टीम के साथ पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया,कई घंटों की मशक्कत के बाद घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर गेहूं के खेत में महिला का सर पुलिस में बरामद किया। घर के पीछे खेत में मिला शव, देखकर कांप उठी ग्रामीण महिलाघटना का खुलासा उस समय हुआ जब सोमवार दोपहर करीब 1 बजे पड़ोस में रहने वाली एक महिला लीलावती पटेल को आवाज देने उनके घर पहुंची। काफी देर तक कोई जवाब न मिलने पर महिला ने घर के अंदर देखा, लेकिन लीलावती वहां नहीं थीं। इसके बाद वह घर के पीछे स्थित खेत की ओर गई, जहां का दृश्य देखकर उसकी रूह कांप गई। खेत में खून से लथपथ लीलावती का धड़ पड़ा था, जबकि सिर पूरी तरह गायब था। महिला ने घबराकर शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पूरे गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।पुलिस अधीक्षक सहित भारी बल घटनास्थल का किया निरीक्षण, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्यसूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। घटनास्थल को तत्काल सील कर दिया गया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से जांच कराई गई। टीम ने मौके से खून के नमूने, पैरों के निशान सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है।ड्रोन और डॉग स्क्वायड की मदद से चल रहा सर्च ऑपरेशनइस जघन्य हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं। गांव और आसपास के इलाकों में ड्रोन कैमरों और डॉग स्क्वायड की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।कुओं, झाड़ियों, खेतों और सुनसान जगहों पर पुलिस बारीकी से जांच किया, कई घंटों की मेहनत के बाद पुलिस ने महिला के सर को लगभग घर के 200 मीटर दूरी से बरामद किया।







महापौर बोले – साढ़े तीन साल में नहीं लिया कर्ज, 3000 करोड़ के और कार्य होंगे शुरू

## निगम इतिहास का सबसे बड़ा बजट

# 2200 करोड़ से महानगर की ओर बढ़ेगा जबलपुर

सोमवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 21 अरब 66 करोड़ 27 लाख 7 हजार 820 रुपये का बजट प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा यह केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि शहर के भविष्य का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य जबलपुर को आत्मनिर्भर बनाकर महानगर की दिशा में आगे बढ़ाना है।

**हरिभूमि जबलपुर।**

सोमवार दोपहर 3 बजे शुरु हुई बजट बैठक में विपक्ष ने धारा 30 की बैठक न बुलाए जाने पर हंगामा किया, जिसके बाद पूरा विपक्ष वॉकआउट कर गया. जानकारों का कहना है कि यह निगम के इतिहास का पहला ऐसा बजट है, जो बिना विपक्ष के प्रस्तुत हुआ. नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा, बीते 6 महीने से हम धारा 30 की बैठक की मांग कर रहे हैं. लेकिन नगर सरकार हमारी मांग को नजर अंदाज कर रही है. जबतक धारा 30 की बैठक की तारीख नहीं दी जाएगी, वो सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनेंगे।




### बिना कर्ज के विकास का दावा

बजट प्रस्तुत करते हुये महापौर ने बताया कि उनके साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में 2600 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। आने वाले डेढ़ वर्ष में लगभग 3000 करोड़ रुपये के कार्यों का भूमिपूजन प्रस्तावित है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि नगर निगम ने इस दौरान कोई कर्ज नहीं लिया, जो आर्थिक मजबूती का प्रमाण है।

### अर्बन चैलेंज फंड से 1147 करोड़ के प्रस्ताव

बजट में अर्बन चैलेंज फंड के तहत 1147 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। रानीताल तालाब फ्रंट विकास, झुग्गी पुनर्वास, अफोर्डेबल हाउसिंग, माढ़ोताल और गोकलपुर तालाब का विकास, चंडालभाटा बस्ती उन्नयन, गांधी स्मारक पार्क और सार्वजनिक संपत्तियों के मुद्रीकरण जैसे कार्य इसमें शामिल हैं। जलापूर्ति और सीवर नेटवर्क को भी मजबूत किया जाएगा।

### 222 करोड़ से बाढ़ नियंत्रण की बड़ी योजना

शहर को जलभराव और बाढ़ से राहत दिलाने के लिए 222 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इसमें नालों का निर्माण व सुधार, तालाबों का जीर्णोद्धार, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, मोबाइल पंपिंग स्टेशन और फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना शामिल है। जल प्लावन से निपटने के लिए विशेष सेल का गठन भी किया जाएगा।

### सीवर, तालाब और री-डेंसिफिकेशन पर फोकस

सीवर लाइन विस्तार के लिए 755 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। हनुमानताल, रानीताल, अधारताल, सूपाताल और गंगासागर सहित पांच तालाबों के सौंदर्यीकरण पर कार्य जारी है। 500 करोड़ रुपये से री-डेंसिफिकेशन योजना के तहत शहर का स्वरूप बदला जाएगा। हर घर नर्मदा जल पहुंचाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

### परिवहन, पार्किंग और हरियाली की सौगात

शहर में 100 एसी बसें चलाई जाएंगी और 64 स्थानों पर पार्किंग विकसित की जाएगी। 12 चौराहों और 5 प्रवेश मार्गों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। डुमना नेचर पार्क में 5 स्टार स्तर का रिसोर्ट विकसित करने की योजना है। शहर में 12 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

### आने वाले बड़े प्रोजेक्ट

आदिशंकराचार्य चौक से गौरीघाट तक सड़क निर्माण, रानीताल क्षेत्र में ऑक्सीजन जोन, अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पूल और क्रिकेट स्टेडियम, फिल्म सिटी निर्माण, नए फायर स्टेशन और 10 प्रमुख बाजारों का एक समान थीम पर सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। 687 आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प और मुक्तिधामों व कब्रिस्तानों का उन्नयन भी योजना में शामिल है।

### लगातार बढ़ता बजट आकार

पिछले चार वर्षों में बजट का आकार लगातार बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में 1400 करोड़, 2024-25 में 1500 करोड़, 2025-26 में 1800 करोड़ और अब 2026-27 में लगभग 2200 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। नगर निगम ने इसे विकास की रफ्तार तेज करने की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

---

एनएसयूआई ने किया हंगामा, प्रदर्शन कर की नारेबाजी

# रादुविवि में अंदर बजट बैठक बाहर कुलपति हटाओ के लगे नारे

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की बजट बैठक के दौरान एनएसयूआई छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट से लेकर बैठक कक्ष तक कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कुलपति को हटाया जाए, कुलपति मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए।



प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बजट बैठक में सभा कक्ष में घुसने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें मुख्य द्वार पर रोक दिया। हालांकि कुछ छात्र दूसरे गेट से परिसर में प्रवेश करने में सफल रहे, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। बैठक में उपस्थित लखन घनघोरिया ने छात्रों को समझाया कि यह बैठक उनकी समस्याओं और मांगों पर विचार करने के लिए ही आयोजित की गई है। उनके आश्वासन के बाद छात्रों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर, अध्ययन संसाधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे छात्रों को परेशानी हो रही है। रजक ने यह भी आरोप लगाया कि लगातार विरोध प्रदर्शनों के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। छात्र नेताओं ने मांग की है कि केवल आश्वासन नहीं बल्कि जल्द ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

---

आरपीएफ व जीआरपी ने अस्पताल में कराया भर्ती

# उत्कल एक्सप्रेस के एस-4 कोच के टॉयलेट में मिला नवजात शिशु

**जबलपुर।** पमरे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत कटनी मुड़वारा स्टेशन पर आज सोमवार 30 मार्च की सुबह हरिद्वार से पुरी जा रही उत्कल एक्सप्रेस के एस-4 कोच के टॉयलेट में एक नवजात शिशु लावारिस हालत में पड़ा मिला। इस घटना ने यात्रियों के बीच हड़कंप मचा दिया और पूरे स्टेशन पर सनसनी फैल गई। बच्चा जीवित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन के एस-4 कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने कोच के टॉयलेट में नवजात को देख अन्य यात्रियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई और हंगामा शुरू हो गया। मामले की जानकारी रेलवे प्रशासन को दी गई जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल और शासकीय रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची । इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शिशु को सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसे स्पेशल केयर न्यूबॉर्न यूनिट (एसएनसीयू) में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उसकी हालत पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक उपचार किया जा रहा है। आरपीएफ और जीआरपी कटनी द्वारा यात्रियों से नवजात के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आखिर किसने और किन परिस्थितियों में इस मासूम को ट्रेन में छोड़ा है, इसकी पडताल पुलिस द्वारा की जा रही है।

---

प्रत्येक विकासखंड में एक और कुल सात उपार्जन केन्द्रों की स्थापना की गई है

# बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही होगी खरीदी

**जबलपुर।** किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर उर्पाजन की व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को उप संचालक कृषि की अध्यक्षता में उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में संपन्न हुई इस बैठक में जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नेफेड एवं सचिव कृषि उपज मंडी जबलपुर भी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में चना एवं मसूर का उर्पाजन 30 मार्च से 28 मई तक किया जाएगा। किसानों से समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन के लिये जिला उर्पाजन समिति की अनुशंसा पर प्रत्येक विकासखंड में एक और कुल सात उपार्जन केन्द्रों की स्थापना की गई है।

बैठक में उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि



किसानों से चना का उपार्जन 5 हजार 875 रुपये प्रति क्विंटल तथा मसूर 7 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर पर उपार्जन किया जायेगा। उन्होंने उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों, संबंधित समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को चना और मसूर की खरीदी में उपार्जन नीति के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष केवल ओटीपी के माध्यम से चना और मसूर की खरीदी मान्य नहीं होगी। उपार्जन के पहले किसान का बायोमेट्रिक सत्यापन करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार यदि किसी कृषक ने पंजीयन के समय परिवार के किसी सदस्य को नॉमिनी नियुक्त किया है तो उस किसान की अनुपस्थिति में नॉमिनी से चना और मसूर का उपार्जन किया जा सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति में खरीदी के पजल नॉमिनी का आधार और बायोमेट्रिक सत्यापन करना जरूरी होगा।

उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को जिला प्रबंधक नेफेड ने एफएक्यू चना और मसूर का उपार्जन करने के ही निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि एफएक्यू मापदण्ड से निम्न गुणवत्ता का चना और मसूर की खरीदी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों को प्रत्येक दिन की ऑनलाईन खरीदी एवं भौतिक मात्रा का मिलान करते हुये रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

---

ब्रांडेड चॉकलेट में गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही

# कैडबरी चॉकलेट में निकला मरा कॉकरोच और फफूंद

**जबलपुर।** देहात इलाके शहपुरा भिटौनी क्षेत्र में प्रतिष्ठित ब्रांड कैडबरी की चॉकलेट में गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। यहाँ एक 14 वर्षीय छात्र द्वारा खरीदी गई कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट के अंदर मरा हुआ कॉकरोच और फफूंद पाए गए हैं। मजे की बात यह कि उक्त चाकलेट पर एक्सपायरी दिनांक 8 जून 2026 अंकित थी।

बताया जाता है कि कक्षा 8वीं के छात्र अंश सेन ने अपने घर के समीप स्थित एक किराना दुकान से 55 रुपये में कैडबरी की चॉकलेट खरीदी और जब घर पहुँचकर चॉकलेट का रैपर खोला,तो उसे चॉकलेट के भीतर कीड़े और फफूंद दिखाई दिए। इस पर अंश ने तत्काल इस स्थिति के बारे में अपने परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने जब पैकेट की जांच की तो पाया कि उस पर एक्सपायरी डेट 8 जून 2026 अंकित है। यानी उत्पाद अपनी वैध समय सीमा के भीतर था, इसके बावजूद वह पूरी तरह दूषित और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक निकला। परिवार ने अब इस दूषित चॉकलेट को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रख लिया है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार खाद्य विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है ताकि चॉकलेट के सैंपल की लैब जांच कराई जा सके। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता फोरम में भी कंपनी के विरुद्ध मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।



परिजनों का कहना है कि नामी कंपनियों द्वारा इस तरह की लापरवाही उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानूनी कार्यवाही आवश्यक है।

---

एनजीटी ने समिति को निरीक्षण कर एक माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

# पेयजल पाईपलाइनों की जांच के लिए समिति गठित

**जबलपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह तथा एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी की न्यायपीठ ने जबलपुर में पेयजल की पाइप लाइने नालों - नालियों से गुजरने के मामले में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की है। शासन के सचिव स्तर के अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला कलेक्टर तथा नगर निगम आयुक्त को समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोडल एजेन्सी होगी। एनजीटी ने समिति को निर्देश दिया है कि वह स्थल पर निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करें तथा समस्या के निराकरण हेतु उपाय भी सुझाये। रिपोर्ट 1 माह के भीतर प्रस्तुत करें।

डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा याचिका दायर कर कहा गया है कि शहर में पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाईप लाईने नाली से गुजर रही है । इसके बावजूद भी उन्हें चिन्हित कर हटाने या बदलने हेतु कोई ठोस कदम उठाया नहीं गया। न ही डी.पी. आर. बनाया गया। कहा गया कि जबलपुर में सप्लाई हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है। पाईप लाईने 40-50 वर्ष पुरानी है, जो क्षतिग्रस्त तथा जर्जर हो गई हैं ।इस कारण दूषित जल इस पीने के पानी में मिल रहा है। इसके चलते दुर्गंध वाला, गंदला पानी घरों में सप्लाई हो रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से एड. प्रभात यादव पैरवी कर रहे है। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी।

---

नए कोर्स और अधिक प्रवेश पर रहेगा फोकस, हर तीन माह में होगी समीक्षा

# आरडीयू का संशोधित बजट पेश, घाटा घटकर 20 करोड़ पर आया

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्य परिषद बैठक में संशोधित बजट प्रस्तुत किया गया। इस बार की बैठक की विशेष बात यह रही कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने घाटे में लगभग दो करोड़ रुपये की कमी दर्ज की है। संशोधित बजट में अब 20 करोड़ रुपये का घाटा दर्शाया गया है, जबकि पूर्व में यह आंकड़ा 22 करोड़ रुपये था। प्रशासन का कहना है कि घाटे की पूर्ति के लिए नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों के प्रवेश पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक बैठकों का दौर जारी था।



विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी भवन में कुलगुरु प्रोफेसर राजेश वर्मा की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी कुलसचिव सुरेंद्र सिंह ने वार्षिक वित्तीय लेखाजोखा प्रस्तुत किया और आय-व्यय का विस्तृत विवरण रखा। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से विश्वविद्यालय की कोर्ट (सभा) की बैठक शुरू हुई। दोपहर के भोजन के बाद तीसरी और अंतिम बैठक एक होटल में आयोजित की जानी प्रस्तावित रही। बैठक में ईसी सदस्य प्रो. राकेश वाजपेयी, रोहित कौशल, सुरेश कतिया, डॉ. चंद्रशेखर पटेल, डॉ. छाया श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने वित्तीय प्रबंधन, शैक्षणिक गतिविधियों और विश्वविद्यालय की आय बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा की।

गौरतलब है कि 24 मार्च को आयोजित ईसी और कोर्ट की बैठक में लगभग 105 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया था, जिसमें 22 करोड़ रुपये का घाटा दर्शाया गया था। उस समय सभा में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर आवश्यक आयोजनों में भी राशि खर्च नहीं करने, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की अनदेखी करने के आरोप लगाए थे। इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई और अंततः बैठक स्थगित करनी पड़ी थी। बैठक में बजट के बेहतर उपयोग और पारदर्शिता पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के बजट की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा की जाएगी, ताकि स्वीकृत राशि का पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और किसी भी मद की राशि लैप्स न हो। ईसी सदस्य डॉ. चंद्रशेखर पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह, खेल एवं युवा उत्सव जैसे आयोजनों को प्राथमिकता दी जाएगी और शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों को किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि अधिकारियों की लापरवाही से राशि अप्रयुक्त रहती है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि वित्तीय अनुशासन और आय बढ़ाने के प्रयासों के माध्यम से आने वाले समय में घाटे को और कम करने की दिशा में काम किया जाएगा।

---

## राजस्व वसूली अभियान में आई तेजी, बकायेदारों को जारी हुए अंतिम नोटिस

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम के राजस्व विभाग ने वित्तीय वर्ष के अंत में कर संग्रहण को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक 02 (कछपुरा) द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम ने बड़े बकायेदार, दलजीत सिंह बग्गा मदन महल वार्ड-15 और खटवानी सेल्स एण्ड प्रा.लि. स्वामी वीरेन्द्रपुरी वार्ड को बकाया कर राशि जमा करने हेतु नोटिस जारी किया है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर के विकास कार्यों को गति देने के लिए समय पर करों का भुगतान अनिवार्य है। निगम द्वारा जारी लेजर रिपोर्ट के अनुसार, दलजीत सिंह बग्गा कुल 8,92,531/- रुपये एवं खटवानी सेल्स एण्ड प्रा.लि. कुल राशि 2,86,998/- रूपये की बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व संग्रह को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम के विभिन्न विभाग एक साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

---

बरेला में वारदातः आरोपी पुत्र गिरफ्तार

# शराबी पिता की नाबालिग ने की हत्या

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत एक नाबालिग ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। संघातिक चोटें आने पर उन्हें उपचार के लिये विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है।

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेला निवासी 36 वर्षीय युवक ने पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी की थी। कल रात 11 बजे युवक शराब



के नशे में घर आया और पत्नी के साथ गाली गालौच करने लगा। हल्ला सुनकर 16 वर्षीय नाबालिग नींद से जागा और उसने अपने पिता को गाली गलौच करने से मना किया।

इस बात से गुस्साए पिता ने बेटे के साथ मारपीट करते हुए धक्का दे दिया। पिता द्वारा धक्का दिए जाने से गुस्साए नाबालिग बेटे ने चाकू निकालकर पिता पर दनादन वार किए, जिससे उनके सीने, हाथ व पैर में गंभीर चोटें आई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए, जिन्होने युवक को खून से लथपथ देखा तो उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर देर रात घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर से गांव में सनसनी फैल गई, देखते ही देखते गांव के लोग घर पहुंच गए। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। आरोपी नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिहोरा-खितौला में महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा

## श्री जी की विमान यात्रा में जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा





सिहोरा।

जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर सिहोरा खितौला में सकल जैन समाज द्वारा नगर में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर पंचायती जैन मंदिर से भव्य विमान शोभायात्रा निकाली गई। जो मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ हुई विमान शोभायात्रा कालभैरव चौक,झंडा बाजार,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टेंड, मैना कुआं होकर शुभारंभ स्थल पर सपन्न हुई। विमान रथ पर विराजमान भगवान महावीर स्वामी की अष्टधातु की प्रतिमा का रथ भक्तगण हाथों से स्वयं खीचते चल रहे थे।शोभायात्रा के बाद श्री पार्श्वनाथ पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक पूजन किया गया।

### खितौला जैन समाज ने भी निकाली शोभायात्रा

खितौला जैन समाज द्वारा आज भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें समाज के सभी महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं की टोली द्वारा विशेष प्रकार का बैंड वाद्य भी प्रस्तुत किया गया जिसने पूरे आयोजन को अलग ही पहचान दी। विभिन्न प्रकार की झांकियों ने भगवान महावीर के जीवन एवं उनके सिद्धांतों को दर्शाया जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इसके पश्चात मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं शांतिधारा विधि-विधान से सम्पन्न हुई। दोपहर 2 बजे से भंडारा प्रसाद वितरण किया गया एंव रात्रि 7 से आरती एवं भक्तांबर पाठ दीप प्रज्वलनन के साथ किया गया।

# भाजपा की सरकार ने मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाने का काम किया

**जबलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत आयोजित मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग में पांच मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिवस में विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने अपेक्षित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।पांच मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग के समापन में बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया जैसे विषयों पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, डॉ जितेंद्र जामदार, अमन शर्मा, अमित जैन एवं राहुल दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने प्रशिक्षण वर्ग में कहा कि मध्य प्रदेश में जब 2003 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब यहां मूलभूत आवश्यकताओं से भी जनता को जूझना पड़ता था और आज 2026 में मध्य प्रदेश पूर्ण विकसित राज्य है हमारी सरकार ने मध्य प्रदेश को समृद्ध बनाने का काम किया है। वर्तमान में हम विकास की निरंतरता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि प्रत्येक बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण के महत्व से अवगत होकर संगठन कार्य करना चाहिए, बूथ प्रबंधन केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं, बल्कि यह संगठन के निरंतर विस्तार, मतदाता संपर्क और जनविश्वास निर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रत्येक कार्यकर्ता यदि अपने बूथ को मजबूत बनाता है, तो संगठन स्वतः ही सशक्त होता है।मतदाता सूची के प्रभावी उपयोग,घर-घर संपर्क, एवं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने हेतु बूथ में मजबूत भूमिका आवश्यक है साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए जनता का प्रभावी माध्यम बनना जरूरी है।संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु हम सभी का लक्ष्य है कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय, संगठित और समर्पित टीम तैयार हो, जो भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करे।इस अवसर पर दामोदर सोनी, संतोषी ठाकुर, बाबा श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा, प्रणय गुप्ता, पुष्पराज सेंगर, विनोद केवट गुड्डा, पुष्पराज पांडे, के साथ मंडल के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# एपीएन सीबीएसई स्कूल में हुई ग्रेजुएशन सेरेमनी



**जबलपुर।** ए.पी.एन. सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर यूकेजी के विद्यार्थियों ने अगली कक्षा में प्रवेश किया तथा अभिभावकों ने संस्था की शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का है और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों को उन्नति की ओर अग्रसर किया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर सह सचिव मयंक श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रभारी प्राचार्य करण खुराना तथा स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप कोरी, पुष्पांजलि पाठक, ज्योति मिश्रा, शमीमा खान, रविंदर कौर, पूर्वा यादव, प्रिया माइकल, निवेदिता, ममता दीक्षित सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी शुक्ला एवं रिचा राकेश ने किया तथा आभार प्रदर्शन आशिमा लाल ने व्यक्त किया।

### राजू बांगर बने महाकौशल क्षेत्रीय गहोई सभा के वैवाहिक विवाद मध्यस्थता प्रकोष्ठ के संयोजक



**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के पंच राजू बांगर को महाकौशल क्षेत्रीय गहोई सभा के वैवाहिक विवाद मध्यस्थता प्रकोष्ठ में संयोजक के महत्वपूर्ण एवं गरिमामय पद पर नियुक्ति किया गया है। यह दायित्व उनके अनुभव, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं कुशल नेतृत्व का प्रमाण है।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न, संभागीय हेतु खिलाड़ी चयनित



**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 12वीं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 28 मार्च 2026 को पंडित लज्जा शंकर झा स्कूल में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें से चयनित खिलाड़ी आगामी अप्रैल में होने वाली संभागीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

एथलेटिक्स (पुरुष) में राजेश यादव, बृजेंद्र तिवारी, अशोक राय, चंद्रशेखर स्वामी, अंकित दहिया, अनिल सोनकर एवं कृष्ण कुमार चयनित हुए, जबकि एथलेटिक्स (महिला) में मधुमिता हाजरा, सुषमा वर्मा, मीनल चैतन्य, मनोत्तम पटेल, सारिका सिंह खान एवं पूजा मेहतो का चयन हुआ।

वॉलीबॉल (पुरुष) में धनराज पिल्ले, अनिल सोनकर, अजय मिश्रा, अंकित, सोहन, बृजेंद्र ठाकुर, अनुज दीक्षित, सोनल दुबे, रोहणी सिंह, राममणि एवं कपिल देवग्य चयनित हुए, वहीं वॉलीबॉल (महिला) में सुषमा वर्मा, माधुरी शर्मा, सारिका सिंह, ज्योति सिंगौर, मधु राघव, मनोरमा, बिना बर्मन, सपना राजपूत, शीला चौहान एवं प्रीति साहू का चयन किया गया।

कबड्डी (पुरुष) में अशोक राय, रोहित, रामकुमार, बृजभूषण, भुवनेश्वर, रोहिणी, राजेश एवं राममणि तथा कबड्डी (महिला) में शीला चौहान, बिना बर्मन एवं सारिका सिंह खान चयनित रहीं। बैडमिंटन (पुरुष) में मो. अकरम एवं सोनल दुबे, जबकि महिला वर्ग में सपना ठाकुर एवं माधुरी शर्मा का चयन हुआ। टेबल टेनिस (पुरुष) में अनुज दीक्षित तथा क्रिकेट (लेदर बॉल) में दिनेश कुमार, नितिन तिवारी, दीपक, बृजेंद्र तिवारी, सुधीर अवधिया, प्रवीण तिवारी, अतुल मिश्रा, अनिल सोनकर, चैतन्य धर्माधिकारी, पुष्पेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार, संतोष चौरसिया, जगदीश एवं हेमंत प्रजापति चयनित हुए।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्रीमती गुंजन श्रीवास्तव, श्रीमती माधुरी साठे, श्री रॉबर्ट मार्टिन, श्री धनराज पिल्ले, श्री सुजीत दहिया, श्री प्रेमलाल कुशवाहा, श्री विशाल तिवारी, श्री आनंद सिंह एवं श्री सुनील बर्मन सहित अन्य अधिकारियों ने निभाई।



# जन अभियान परिषद द्वारा जल प्याऊ का शुभारंभ

**पाटन।** जबलपुर के विकासखंड पाटन अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था "वीर दुर्गादास राठौड़ जन मानस कल्याण संस्था" द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में जल प्याऊ (जल मंदिर) प्रारंभ किए गए। ग्राम पंचायत करारी, खेरा एवं मनकवारा में बरगद के पेड़ के नीचे तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर यात्रियों और पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई।कार्यक्रम संभाग एवं जिला समन्वयकों के निर्देशन में आयोजित हुआ। ग्राम करारी एवं मनकवारा में कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष रौशनी द्वारा किया गया।इसी क्रम में पाटन नगर के वार्ड क्रमांक 9, गुरु मोहल्ला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में भी जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ठाकुर राम नारायण सिंह, परामर्शदाता कामता प्रसाद सेन तथा समिति अध्यक्ष पवन बर्मन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।आयोजकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में आमजन, राहगीरों एवं पशु-पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आगे भी ऐसे जल प्याऊ स्थापित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सुविधा मिल सके।

### पश्चिम मध्य रेलवे के 90 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों तथा दोनों कारखानों के कुल 90 रेलकर्मी 30 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए। मुख्यालय में आयोजित समारोह में अधिकारियों ने चार सेवानिवृत्त अधिकारियों—अजय प्रकाश, पी. के. शुक्ला, रामेश्वर रावत एवं जी. के. नंदनवार—को सेवानिवृत्ति दस्तावेज प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अरविन्द पांडेय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के सुखी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना की गई।

### रतलाम–आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव बढ़ा

वहीं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने गाड़ी संख्या 19817/19818 रतलाम–आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का अरनेठा स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव 1 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। दोनों दिशाओं में ट्रेन का ठहराव पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार जारी रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

# संस्कारधानी में 5 से 13 अप्रैल तक श्रीराम कथा का भव्य आयोजन



**जबलपुर।** राकेश सिंह ने सोमवार को जबलपुर स्थित अवधपुरी आयुर्वेद कॉलेज मैदान, गौरीघाट में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के श्रीमुख से होने वाली यह कथा संस्कारधानी की गरिमा के अनुरूप भव्य रूप में आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। समरसता सेवा संगठन द्वारा 5 से 13 अप्रैल तक आयोजित इस कथा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक सुशील तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, स्वागत समिति संयोजक गुलशन माखीजा, सचिव अखिल मिश्र, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला एवं एसडीएम अनुराग सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं आयोजन की तैयारियों के तहत मातृ शक्ति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली।

### 14 अप्रेल को मनाई जाएगी डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती हाईकोर्ट आम्बेडकर चौक पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रेल को मनाई जाएगी। साथ ही सामाजिक क्रांति के अग्रदूत तथा महिला शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती धूमधाम से समिति द्वारा मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ भिक्खुनी निम्मलमेत्ता (नागपुर महाराष्ट्र) करेंगे, मुख्य अतिथि प्रो. अपूर्वानंद दिल्ली विश्वविद्यालय नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि विजय सुरवाड़े (लेखक, साहित्यकार, चिंतक, मुंबई) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादवराव मेश्राम करेंगे। संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेड़े, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे, चन्द्रकला ढोके, रेखा वालके, सुनीता शेंडे, मीना खापर्डे, अनिता जनबन्धु, देवेन्द्र मडके, वीरेन्द्र बौद्ध सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थिति की अपील की है।

# सिहोरा में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार,जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे पुराने बस स्टैंड में केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन यादव सरकार की विफल नीतियों के चलते प्रदेश वा जिले में गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता एवं बिजली दरों में अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि और डीजल,पेट्रोल की कमी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल,नगर अध्यक्ष पवन सोनी ने समस्त कांग्रेस जनों से आयोजन में पहुंचने की अपील की है।

# पीने के पानी की 80% पाइप लाइन गुजर रहीं नाला-नालियों से

## स्थल निरीक्षण कर 1 माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करे जांच समिति

**जबलपुर।** जबलपुर शहर में पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाइप लाइनें नाला-नालियों से होकर गुजर रही हैं, इसके बावजूद भी उन्हें चिन्हित कर हटाने या बदलने हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, न ही डीपीआर बनाई गई। अतः जांच की जाए। यह प्रार्थना कर डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दायर याचिका पर न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंग तथा एक्सपर्ट मेम्बर सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर शासन के सचिव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम को समिति का सदस्य बनाया है, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोडल एजेंसी होगी।एनजीटी ने समिति को निर्देश दिया है कि वह स्थल पर निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट एक माह के भीतर प्रस्तुत करे तथा समस्या के निराकरण हेतु उपाय भी सुझाये। याचिका में बताया गया कि जबलपुर में सप्लाई हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है तथा पाइप लाइनें 40-50 वर्ष पुरानी हैं, जो क्षतिग्रस्त तथा क्षीण हो गई हैं। इस कारण दूषित जल इस पीने के पानी में मिल रहा है, नतीजन दुर्गंध वाला, गंदा पानी घरों में सप्लाई हो रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से एड. प्रभात यादव पैरवी कर रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रेल को तय की गई है।

### विनोद,अमित, साकेत पार्षद नियुक्त

**सिहोरा।** राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद से सहविस्तारी कार्यकाल या राज्य शासन के अन्य आदेश तक जो भी पहले हो तक के लिए पार्षद के रुप में विनोद गुप्ता खितौला बा जा र , सा के त पांडेलखराम मोहल्ला खितौला, अमित खत्री झंडा बाजार सिहोरा, सत्यप्रकाश खरे, आलोक जैन, गीता पटेल को नाम निर्दिष्ट किया गया

### एमपी ट्रांसको में नई पहल

# मैन लिफ्टर 36 फीट ऊँचाई तक करेगा मेनटीनेंस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने पारेषण कार्यों में नवाचार और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी ट्रांसको द्वारा सबस्टेशनों में मेंटेनेंस कार्यों के लिए 36 फीट तक ऊँचाई पर काम करने में सक्षम एक मैन लिफ्टर का सफलतापूर्वक डिज़ाइन एवं निर्माण इन-हाउस किया गया है।यह अभिनव ₹मैन लिफ्टर₹ विशेष रूप से सबस्टेशनों में स्थापित ऊँचाई पर स्थित उपकरणों के सुरक्षित, कुशल और समयबद्ध रखरखाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस उपकरण की सहायता से मेंटेनेंस स्टाफ अब ऊँचे स्ट्रक्चर, इंसुलेटर, बस बार तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों तक आसानी से पहुँच सकता है। इससे स्कैफोल्डिंग या लेडर के उपयोग की आवश्यकता काफी कम हो जाएगी, जिससे जोखिम और श्रम दोनों में उल्लेखनीय कमी आएगी।सबस्टेशन में ही उपलब्ध स्क्रैप मैटेरियल और बाहर से न्यूनतम सामग्री खरीद कर इस लिफ्टर को तैयार किया गया है। बाजार में इस लिफ्टर की कीमत ढाई लाख रुपए से प्रारंभ होती है पर इसे सिर्फ 39000 रूपये में इन हाउस ही तैयार कर लिया गया।इन हाउस लिफ्टर तैयार करने में सागर के अधीक्षण अभियंता एम वाय मंसूरी, के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता आर पी कान्यकुब्ज,सहायक अभियंता जी पी राय का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**सुश्री छंगी साहू-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री कालिका साहू की पुत्री सुश्री छंगी साहू (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई खटीक-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री ओमकार खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई खटीक (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इस्सू पटेल-** सिंघई कॉलोनी दीक्षितपुरा निवासी श्री उत्तम पटेल के पुत्र श्री इस्सू पटेल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश स्वरूप सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री राकेश स्वरूप सोनकर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा हवेलिया-** वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री अशोक हवेलिया की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा हवेलिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महावीर प्रसाद यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री महावीर प्रसाद यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अभय कुमार पटेल-** ललपुर रोड गौरीघाट निवासी श्री गजेंद्र पटेल के पुत्र श्री अभय कुमार पटेल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल चौधरी-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री दुर्गा चौधरी के पुत्र श्री अनिल चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा गुप्ता-** गंजीपुरा निवासी श्री संजय गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा गुप्ता (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार बान-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजकुमार बान (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।**श्रीमती सोनाली पसाना-** पुल नं. 2, कवर्धा हाउस निवासी श्री अजय अलायसिस की धर्मपत्नी श्रीमती सोनाली पसाना (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री राजकुमार करियार-** अनुराधा कॉलोनी कजरवारा निवासी श्री राजकुमार करियार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रश्मि सेन-** दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री कपिल सेन की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि सेन (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमलेश बाई राजपूत-** सिविल लाइन निवासी श्री राम प्रसाद राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश बाई राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमन लता राय-** टाउन हाल विक्टोरिया के पास निवासी श्री संतोष राय की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन लता राय (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा नामदेव-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री नरसिंह दास नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नामदेव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हल्की बाई ठाकुर-** मन्नू सिंह का बाड़ा गोकलपुर निवासी श्री राम प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती हल्की बाई ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उषा डे- भोले कुटि शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बीसी डे की धर्मपत्नी श्रीमती उषा डे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
...संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### नोएडा हवाई अड्डे को मिली नियामकीय मंजूरी



**नई दिल्ली।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सभी नियामक स्वीकृतियां मिलने के बाद अब वाणिज्यिक संचालन शुरू करने को पूरी तरह तैयार है। टाटा प्रोजेक्ट्स ने सोमवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है जिसमें इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण का काम टाटा प्रोजेक्ट्स ने किया।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कीमतें बढाएगी



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कच्चे माल की बढ़ती लागत के असर को आंशिक रूप से कम करने के लिए एक अप्रैल, 2026 से अपने कुछ मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कीमत वृद्धि उसके मुख्य खंड के मॉडल पर लागू होगी और एमजी सिलेक्ट चैनल के माध्यम से बेचे जाने वाले प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहनों एमजी एम9 और साइबरस्टर पर लागू नहीं होगी।

### इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना के 29 प्रस्तावों को मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना के तहत 29 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनमें कुल 7,104 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। सोमवार को यह जानकारी दी। सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बताया कि इन नए निवेश प्रस्तावों से इस क्षेत्र में लगभग 14,246 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

### पायनियर फिल का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा



**नई दिल्ली।** रेल कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी पायनियर फिल-मेड लिमिटेड ने आईपीओ के माध्यम से 500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेजों का मसौदा जमा कराया है। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी।

### रीट 'प्रॉपशेयर सेलेस्टिया' का आईपीओ 10 अप्रैल को खुलेगा



**नई दिल्ली।** देश के पहले पंजीकृत लघु और मझोले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट , प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को घोषणा की कि 'प्रॉपशेयर सेलेस्टिया' का 244.65 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अप्रैल को खुलेगा। एसएम रीट एक ऐसा निवेश माध्यम है जो छोटे और मध्यम स्तर के निवेशकों को बड़े व्यावसायिक भवनों या संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने और उससे किराया कमाने का मौका देता है।

### फ्लिपकार्ट ने स्मिता, अमित शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया



**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने सोमवार को घोषणा की कि उसने स्मिता ओझा को इंजीनियरिंग का उपाध्यक्ष और अमित शर्मा को कार्यक्रम प्रबंधन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। फ्लिपकार्ट ने बयान में कहा कि इन नियुक्तियों का मकसद कंपनी की मुख्य प्रौद्योगिकी को बढ़ाना और लंबे समय तक 'मूल्य' बनाना है। ओझा फ्लिपकार्ट के वनटेक संगठन के तहत सेंट्रल प्लेटफॉर्म्स ग्रुप (सीपीजी) की अगुवाई करेंगी। उनके पास दो दशक से ज़्यादा का अनुभव है और वह माइंडटिकल से आई हैं।

# विनफास्ट भारत में इलेक्ट्रिक कारों के बाद अब लॉन्च करने जा रही सस्ते स्कूटर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ती मांग को देखते हुए कई नई कंपनियां एक के बाद एक नई लांचिंग कर रही हैं। इसी कड़ी में विनफास्ट ने भी भारत में अपनी शुरुआत कर दी है। फिलहाल कंपनी दो इलेक्ट्रिक कारें बेच रही है, लेकिन आने वाले समय में विनफास्ट अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने की तैयारी में है। विनफास्ट अब सिर्फ कारों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि आने वाले समय में भारत में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भी लांच करने की योजना बना रही है। कंपनी अपने ग्लोबल पोर्टफोलियो से कई स्कूटर्स भारत में ला सकती है। शुरुआत में इन स्कूटर को पूरी तरह भारत में बनाने की बजाय असेंबली रूट के जरिए पेश किया जाएगा। बाद में इन्हें भारतीय बाजार के हिसाब से लोकलाइज भी किया जाएगा।

> कंपनी भारत में स्कूटर असेंबली रूट के जरिए पेश करेगी

## विनफास्ट भारत में फिलहाल दो इलेक्ट्रिक कारें बेच रही

### कैसा है स्कूटर का डिजाइन?

डिजाइन के मामले में ये स्कूटर सिंपल और फैमिलियर लुक के साथ आएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पसंद आएं। इसके साथ ही इनमें कंफर्टेबल सीट भी दी जाएगी। जिस तरह विनफास्ट ने अपनी कारों की कीमतों को लेकर रणनीति अपनाई है, उसी तरह स्कूटर सेगमेंट में भी वह कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। पहले से मौजूद भारी कॉम्पीटिशन के बावजूद कंपनी धीरे-धीरे भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकती है। आने वाले समय में भारत में विनफास्ट के कई नए स्कूटर्स लॉन्च होने की उम्मीद है, जिससे ग्राहकों को एक और नया ऑप्शन मिलेगा



### हब-माउंटेड बैटरी

*इन स्कूटर्स की खासियत यह होगी कि इनमें हब-माउंटेड बैटरी दी जाएगी और कुछ मॉडल्स में डबल बैटरी ऑप्शन भी मिल सकता है, जिससे रेंज बढ़ जाएगी। खासकर विनफास्ट जैसे स्कूटर में 160 किमी से ज्यादा की रेंज मिलने की उम्मीद है, जो भारतीय ग्राहकों के लिए काफी आकर्षक हो सकता है।*

### कीमत होगी इतनी

कीमत की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 1 लाख रुपए से कम कीमत में लांच किए जा सकते हैं। इससे ये आम ग्राहकों के लिए भी किफायती ऑप्शन बनेंगे। वहीं कुछ प्रीमियम मॉडल 1 लाख रुपए से ऊपर भी होंगे। कंपनी के स्कूटर्स में इवो ग्रांड, फ्लेड, थ्रोर्न एस, वेरा एक्स और विनटो एस जैसे मॉडल शामिल हो सकते हैं।

## चार दिन का सम्मेलन कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क से जुड़ी रोक बढ़ाने पर नहीं बनी सहमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया, लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है।

### अमेरिका पांच साल आगे बढ़ाने की मांग कर रहा

बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

> ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क लगाने की व्यवस्था पर नहीं बनी सहमति

> डिजिटल डाउनलोड व स्ट्रीमिंग पर नहीं लगाया जाता सीमा शुल्क

> इस शुल्क को हर दो साल के लिए बढ़ाया जाता है

### कई विषयों पर जिनेवा में चर्चा जारी रहेगी

इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, 'इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन' पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे। अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।





### समय की कमी के कारण कई मुद्दे लंबित

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि चार दिन की बैठक में व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई।

**स्थायी विस्तार के लिए बना दबाव :** शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि अमेरिका ने यूरोपीय संघ और जापान के समर्थन से दीर्घकालिक या स्थायी विस्तार के लिए दबाव डाला, जबकि भारत और अन्य विकासशील देशों ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि इससे राजस्व का नुकसान निश्चित हो जाएगा और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में नीतिगत गुंजाइश सीमित हो जाएगी।

### हर साल 10 अरब डॉलर का होगा नुकसान

*अब कई उत्पाद, जो पहले भौतिक रूप में बिकते थे, जैसे संगीत, फिल्में और किताबें, तेजी से डिजिटल रूप में उपलब्ध हो रही हैं। विकासशील देशों ने इस व्यवस्था का कई बार विरोध किया है क्योंकि उनके अनुसार डिजिटल आयात बढ़ने से उन्हें राजस्व का नुकसान हो रहा है। अनुमान है कि विकासशील देशों को हर साल करीब 10 अरब डॉलर का संभावित कर नुकसान हो सकता है, जबकि भारत को 50 करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है।*

# चांदी में 7,000 रुपए का उछाल और सोना 3,700 रुपए मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा खरीदारी
- चांदी बढ़कर 2.37 लाख प्रति किलो और सोना 1.51 लाख प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में लगभग तीन प्रतिशत का उछाल आया। शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा लिवाली के कारण चांदी 7,000 रुपये चढ़कर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, और सोना बढ़कर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 7,000 रुपये, या 3.04 प्रतिशत बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,700 रुपये या 2.5 प्रतिशत बढ़कर 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

### वैश्विक बाजार में एक फीसदी का उछाल

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 38.68 डॉलर, या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,531.67 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70.72 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस-प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना बढ़कर लगभग 4,530 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है।

# उद्योग जगत को दिया बैंक ऋण फरवरी में बढ़ा : आरबीआई

एजेंसी ⏭ मुंबई



उद्योग जगत को दिया बैंक ऋण 28 फरवरी को समाप्त पखवाड़े में 13.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आरबीआई के अनुसार कर्ज में वृद्धि का कारण अवसंरचना, 'ऑल इंजीनियरिंग', रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा वस्त्र क्षेत्रों को दिए ऋण में बढ़ोतरी है। केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2026 के लिए क्षेत्रवार बैंक ऋण वितरण से संबंधित आंकड़े जारी किए है।

आंकड़े 41 चयनित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से एकत्र किए गए। ये बैंक सभी वाणिज्यिक बैंकों के कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं।


> 28 फरवरी को समाप्त पखवाड़े में 13.5 की दर से बढ़ा

आरबीआई ने कहा, ''28 फरवरी 2026 को समाप्त पखवाड़े में गैर-खाद्य बैंक ऋण सालाना आधार पर 14.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि (सात मार्च 2025) में यह वृद्धि 11.1 प्रतिशत थी। उद्योग क्षेत्र को ऋण में सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 7.5 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय बैंक के अनुसार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को दिए गए ऋण में दहाई अंकों की वृद्धि जारी रही। जबकि बड़े उद्योगों को दिए गए ऋण में भी उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

### व्यक्तिगत खंड में 15 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज

आरबीआई ने कहा कि व्यक्तिगत ऋण खंड में सालाना आधार पर 15.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक वर्ष पहले 11.7 प्रतिशत थी। इसमें आवास ऋण में स्थिर वृद्धि जारी रही जबकि वाहन ऋण और सोने के आभूषण के बदले ऋण जैसे खंडों में तेज विस्तार बना रहा।

# वोल्टास को सीमा शुल्क विभाग का मिला नोटिस



**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23.52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह मामला 14 जून, 2019 से 21 जुलाई, 2022 की अवधि के दौरान कुछ आयातित वस्तुओं के गलत वर्गीकरण से संबंधित है।

# बैंकिंग कंपनियां 50,000 रुपए से अधिक ब्याज आय पर काटेंगी टीडीएस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




> वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह राशि एक लाख से अधिक हो जाती है

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत आने वाली सभी ''बैंकिंग कंपनियां'' निर्धारित सीमा से अधिक ब्याज आय पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) करेंगी। आयकर विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आयकर कानून के अनुसार, यदि बैंक या डाकघर जमा से प्राप्त ब्याज आय एक वित्त वर्ष में सामान्य नागरिकों के लिए 50,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक लाख रुपये से अधिक हो जाती है, तो उस पर टीडीएस काटा जाता है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि नए आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 402 के तहत ''बैंकिंग कंपनी'' से तात्पर्य उन कंपनियों से है जिन पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 लागू होता है। आयकर अधिनियम, 1961 के तहत 'बैंकिंग कंपनी' की परिभाषा में केवल वे कंपनियां ही नहीं, बल्कि उस अधिनियम की धारा 51 में उल्लिखित ''कोई भी बैंक या बैंकिंग संस्था'' भी शामिल हैं।

## बीएचईएल को एनटीपीसी से 13,500 करोड़ का ठेका...



शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, बीएचईएल अक्टूबर, 2024 में इस परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। इसके बाद 29 मार्च 2026 को एनटीपीसी ने बीएचईएल को 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाली इस परियोजना के मुख्य संयंत्र कार्य के लिए आधिकारिक आवंटन पत्र जारी किया।

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को तेलंगाना में 2,400 मेगावाट की 'चरण-दो' ताप बिजली परियोजना के मुख्य संयंत्र पैकेज के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी से 13,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। बीएचईएल ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## राजकोषीय घाटा फरवरी में 80.4 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है।

# पशिचम एशिया संघर्ष के चलते इक्रा ने घटाई भारत की जीडीपी वृद्धि दर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची ऊर्जा कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा उपलब्धता को लेकर बनी चिंताओं से वित्त वर्ष 2026-27 में घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है, जिसके चालू वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। इक्रा के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार हैं। रेटिंग एजेंसी ने साथ ही कहा कि भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी का 1.7 प्रतिशत हो सकता है जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में यह लगभग एक प्रतिशत रह सकता है। इक्रा के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान से महंगाई बढ़ने का जोखिम है, जो परिवारों की मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को प्रभावित कर सकता है।

> वित्त वर्ष 2026-27 के लिए घटाकर 6.5 फीसदी की


## पश्चिम मध्य रेल
### सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/130/2025)

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 40262808 | ब्लाइंड सॉकेट असेंबली विथ लॉकिंग अरेंजमेंट | 192 नंबर्स |
| 2 | 40262785 | लो मेंटेनेंस लीड एसिड बैटरी 290 Ah, 24V | 68 सेट |
| 3 | 40252014A | सील्ड मेंटेनेंस फ्री बैटरी 12V, 42 AH | 1413 नंबर्स |
| 4 | 38254155 C | पोली रिंग | 55153 नंबर्स |
| 5 | 50265131_RC | सप्लाई ऑफ 5 वाट VHF डिजिटल वॉकी टॉकी सेट विथाउट कीपैड एंड विथाउट डिस्प्ले | 2983 सेट |
| 6 | 80261056 | शेल GADUS S5 V 42 P 2.5 ग्रीज फॉर WAG-9/WAP7 | 9112 किग्रा |
| 7 | 65255010 | डिज़ाइन, manufacture, सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग एंड प्रोविंग ऑफ़ ब्रॉड गेज CNC सरफेस व्हील Lathe as per स्पेसिफिकेशन एंड डाक्यूमेंट्स अटैच्ड | 01 नंबर |
| | | कॉस्ट ऑफ़ कम्प्रेहैन्सिव AMC फार फाइव इयर्स आफ्टर the वारंटी as per क्लॉज़ 17. | 01 नंबर |
| | | कॉस्ट ऑफ the कनकमिटैंट एक्सेसरीज अकॉर्डिंग to टेंडर स्पेसिफिकेशन्स | 01 नंबर |
| | | कॉस्ट ऑफ़ टर्नकी चार्जेस viz. फाउंडेशन, इंस्टालेशन & कमीशनिंग etc. | 01 नंबर |
| | | कॉस्ट ऑफ़ प्रिवेंटिव मेंटेनेंस दूरिंग 1st & 2nd ईयर ऑफ़ वारंटी पीरियड | 01 नंबर |
| | | कॉस्ट ऑफ़ कनकमिटैंट वर्क्स अकॉर्डिंग to टेंडर स्पेसिफिकेशन | 01 नंबर |

नियत तारीख:- क्रमांक 1 के लिए: 24.04.2026, क्रमांक 2 एवं 3 के लिए: 27.04.2026, क्रमांक 4 के लिए: 28.04.2026, क्रमांक 5 के लिए: 30.04.2026, क्रमांक 6 के लिए: 13.05.2026 और क्रमांक 7 के लिए: 14.05.2026.

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट
## जिला बालाघाट (म.प्र.) 481001
दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241377 एवं ईमेल - cmobalaghat@mpurbanb@gov.in

क्र. एफ / लो.नि.व. / 2026/16057 बालाघाट, दिनांक - 26/03/2026

### / / निविदा सूचना / /

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है--

| क्रं. | टेण्डर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD 477381_2 | वार्ड क्रमांक 05 नागेश्वर के मकान से डॉ राणाजी के मकान से भोजराम कावरे से डॉ ब्रम्हे जी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 60 दिवस 22,29,619=00 | 5,000=00 एवं 44,593=00 | 13/04/2026 |
| 2 | 2026_UAD 484274_2 | वार्ड क्र. 14 में जिला न्यायालय से पदमेश सीटी केबल आफिस तक आर.सी.सी. नाली एवं स्लेब निर्माण कार्य। | 45 दिवस 6,72,287=00 | 2,000=00 एवं 13,446=00 | 06/04/2026 |
| 3 | 2026_UAD 483100_2 | वार्ड क्र. 14 मे जिला न्यायालय से पदमेश सीटी केबल तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 30 दिवस 1,89,576=00 | 1,000=00 एवं 3,792=00 | 03/04/2026 |
| 4 | 2026_UAD 493553_1 | वार्ड क्र. 14 में अटल उधान के सामने सी. सी. रोड एवं आर सी सी नाली निर्माण कार्य। | 60 दिवस 17,84,906=00 | 2,000=00 एवं 35,698=00 | 28/04/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद , बालाघाट**

चिंतन

# बिहार की राजनीति से नीतीश की केंद्र में एंट्री

बिहार की राजनीति में एक संभावित बड़े मोड़ की आहट सुनाई दे रही है। सीएम नीतीश कुमार का विधान परिषद से इस्तीफा महज़ एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक लंबे राजनीतिक युग के अंत का संकेत है। जिस नेता ने लालू प्रसाद यादव के कथित जंगलराज के बाद सुशासन और विकास की राजनीति को स्थापित किया, वही अब केंद्र की ओर कदम बढ़ाते दिख रहे हैं। यह बदलाव केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार की सत्ता संरचना और राजनीतिक संतुलन का भी पुनर्संयोजन है। नीतीश कुमार का राजनीतिक सफर हमेशा से व्यावहारिकता, संतुलन और समय के साथ खुद को ढालने की क्षमता का प्रतीक रहा है। वे न तो पूर्णतः वैचारिक राजनीति के बंधन में बंधे, न ही केवल अवसरवाद के प्रतीक बने। यही कारण है कि वे कई बार सत्ता के समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल रहे, लेकिन इस बार मामला अलग है। राज्यसभा के लिए उनका चुना जाना और उसके बाद विधान परिषद से इस्तीफा देना इस ओर संकेत करता है कि उनकी भूमिका अब राज्य की सीमाओं से बाहर जाकर राष्ट्रीय राजनीति में अधिक प्रभावशाली हो सकती है। हालांकि यह देखने वाली बात है कि केंद्र में उनकी भूमिका क्या रहेगी। संवैधानिक रूप से भले ही वे छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं, परंतु संकेत साफ हैं बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की जमीन तैयार हो चुकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार में पहली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना पाएगी? भाजपा के लिए यह अवसर जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। अब तक बिहार की राजनीति में वह सहयोगी की भूमिका में रही है, जहां अंतिम निर्णयों में जनता दल (यूनाइटेड) और विशेषकर नीतीश कुमार का प्रभाव निर्णायक रहा। यदि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाती है, तो उसे केवल सत्ता संभालने की नहीं, बल्कि सामाजिक और जातीय समीकरणों को साधने की कठिन परीक्षा से भी गुजरना होगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। कुशवाहा समाज से आने वाले सम्राट चौधरी ओबीसी समीकरणों को साधने में भाजपा के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वहीं नित्यानंद राय का नाम भी चर्चा में है, जो यादव समुदाय से आते हैं और केंद्र में अनुभव रखते हैं। इन नामों के बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि बिहार की राजनीति में जातीय आधार अब भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यहां एक और महत्वपूर्ण पहलू है नीतीश कुमार की "मौन सहमति"। भले ही वे औपचारिक रूप से पद छोड़ दें, लेकिन उनके राजनीतिक प्रभाव को नजरअंदाज करना किसी भी दल के लिए जोखिम भरा होगा। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार में स्थिरता बनाए रखने के लिए नीतीश की भूमिका अभी समाप्त नहीं हुई है। उनकी सहमति और समर्थन के बिना कोई भी नया नेतृत्व अस्थिरता का शिकार हो सकता है। दूसरी ओर, विपक्ष भी इस बदलाव को अवसर के रूप में देख रहा है। राजद और अन्य दल इस स्थिति में राजनीतिक असंतोष को भुनाने की कोशिश करेंगे। यदि भाजपा नेतृत्व परिवर्तन में कोई चूक करती है, तो यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका बन सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिहार एक नए राजनीतिक अध्याय के द्वार पर खड़ा है। नीतीश की केंद्र में संभावित एंट्री जहां राष्ट्रीय राजनीति को नया आयाम दे सकती है, वहीं, राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कई नए समीकरणों को जन्म देगा। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने वाला क्षण है।



मुद्दा
उमेश चतुर्वेदी

# माओवाद का खात्मा और पुनर्वास नीति

**2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि भाजपा सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। राज्य सरकारों ने नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी है।**

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि पापा राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं। 2014 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, जिसमें विद्याचरण शुक्ल समेत छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे तो नक्सली खुद भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस की सरकार उस स्तर तक माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह के कदम बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं।

बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। मनमोहन सिंह की अगुआई वाली तत्कालीन केंद्र सरकार माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना चुकी थी, लेकिन माओवादी विचारधारा वाली सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसने त्याग दिया था, लेकिन बीजेपी ने माओवादियों के लिए कोई रियायत नहीं बरती। 2019 में केंद्रीय गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष तौर पर उल्लेख किया जाना चाहिए। माओवादी विचारधारा के प्रभाव आकर घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और मौजूदा सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों ने ही भूमिका नहीं निभाई है, बल्कि राज्यों की पुनर्वासय योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेम' अभियान प्रमुख रहा। इन दोनों शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ता'। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इस योजना के तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने क के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक




सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। इसका मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बीता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई। ये योजनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं और जारी भी हैं। कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था, लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने बस्तर जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी दिखाई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। अब इस इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी लोगों का रवैया बदला।

इसका असर साफ नजर आया। छत्तीसगढ़ में पिछले 26 महीनों में 2,700 से अधिक माओवादियों ने सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण किया है। सिर्फ मार्च 2026 में जगदलपुर में 108 माओवादियों ने समर्पण किया। इसके पहले 210 ने किया था। अक्टूबर 2025 में भी170 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इसे राज्य में नक्सलविरोधी सुरक्षा अभियान और पुनर्वास कार्यक्रम की मिलीजुली सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। माओवादी अगर मुख्यधारा में लौटे तो इसकी एक मात्र वजह सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और केंद्र सरकार के ॅविश्वास, विकास और सुरक्षाॅ के त्रिकोणीय मॉडल की कामयाबी रही। छत्तीसगढ़ सरकार अब इससे भी आगे बढ़ गई है और पुनर्वास से पुनर्जीवन की नीति पर आगे बढ़ रहा है। कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इन इलाकों में देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इस लिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

(लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ईंधन संकट
अखिलेश आर्येन्दु



# रूस का खामोश खेल और भारत में तेल-गैस की चुनौती


रूस ने 1 अप्रैल से चार महीने के लिए पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात को स्थगित करने की घोषणा की है। इस घोषणा के पीछे रूस ने अपने घेरलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ रही कीमतों को नियंत्रित करने के बाबत उठाया गया कदम बताया है। रूस की इस घोषणा से दुनियाभर में तेल की कीमतों में हलचल देखा जा रहा है। रूस रोज़ाना 1,20,000 से 1,70,000 बैरल तेल निर्यात करता है। इससे उसको रोजाना करोड़ों डालर की आमदनी होती है। ब्राजील, चीन, तुर्की, सिंगापुर और अफ्रीका उसके मुख्य तेल के खरीददार हैं। भारत भी बहुत बड़े पैमाने पर रूस से तेल खरीदता है, लेकिन वह तेल कच्चा होता है। रूस से जो तेल भारत को अभी तक मिलता रहा है वह अन्य देशों से खरीदे गए तेलों से सस्ता और बेहतर है। इसलिए कहा जा रहा है कि जब रूस तेल निर्यात करना बंद कर देगा तो, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ते दामों पर खरीदने का कार्य किन देशों से करेगा? यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया के दूसरे देशों को तेल देना भले बंद कर देगा, लेकिन भारत को कच्चा तेल देना बंद नहीं करेगा। सवाल यह किया जा रहा है कि रूस तेल के मामले में इस तरह का कदम क्यों उठाने जा रहा है? इसके पीछे उसका कोई बड़ा मकसद हासिल करना है या दुनिया को यह एहसास कराना है कि महाशक्ति रूस है, अमेरिका नहीं, जिसके पास तेल रूपी हथियार की वह ताकत है जो अमेरिका के पास नहीं है। सामरिक जानकारी रखने वालों का कहना है कि तेल निर्यात बंद करने की घोषणा के पीछे रूस का वह खामोश खेल है जो वह चुपचाप खेल रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया की तेल के बाजारों में तेल की कीमतों को उस ऊंचाई तक ले जाना चाहेगा जिससे उसे बहुत बड़ी धनराशि कुछ ही दिन में मिल जाएगी। दूसरी बात। रूस की इस नई घोषणा से तेल के लिए निर्भर देश उससे इस घोषणा को वापस लेने का दबाव बना सकते हैं, जिसके जवाब में रूस अपनी नई नीति और योजना का खुलासा उपयुक्त अवसर पर कर सकता है। इस वक्त दुनिया के तेल बाजार में उतार-चढ़ाव की हलचल देखी जा रही है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध होते 20 दिन गुजर चुके हैं। अमेरिका ने एक सप्ताह पहले भारत सहित दुनियाभर के उन देशों से निवेदन किया था कि रूस से तेल खरीदने वाले सभी देश वहां से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदें, जिससे दुनिया में तेल को लेकर कोई संकट न खड़ा हो। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान द्वारा तेल जहाजों की नाकेबंदी ने अमेरिका की इस अपील को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका। यहां तक कि चीन के तेल टंकरों को ईरान (होर्मुज) गुजरने की अनुमति नहीं दे रहा है।

रूस की खामोशी इस तरह की है जैसे बरात बिदा हो जाने के अगले दिन होती है। वह ईरान को मदद इस तरह से कर रहा है जो न तो पूरी तरह परोक्ष है और न तो पूरी तरह अपरोक्ष ही है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने खुलकर यूक्रेन का साथ दिया और अपने मित्र देशों से दिलवाया भी, लेकिन रूस की नीति इस मामले में एकदम अलग तरह की है। वह ईरान को नैतिक मदद दे रहा है साथ ही, तेल के मामले में ईरान को होर्मुज में नाकेबंदी कर आमदनी बढ़ाने की सलाह गुपचुप दे रहा है।

भारत में धीरे-धीरे ही सही गैस और तेल संकट का आगाज दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार लगातार गैस और तेल की किल्लत से इनकार जरूर कर रही है, लेकिन दिल्ली से बाहर गैस संकट साफ दिखाई देने लगा है। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से गैस और तेल के जहाज भारत पहुंच तो रहे हैं, लेकिन उतने नहीं, जितने की जरूरत है। दूसरी बात। देशभर में जमाखोरों के पौ-बारह होते दिखाई दे रहे हैं। यह भ्रष्टाचार, चोरबाजारी और कालाबाजारी की वजह से आया हुआ संकट है, जिसे तेल आयात करके नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन और खुफिया-तंत्र को सक्रिय और जागरूक करके कम किया जा सकता है। गैस और तेल की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर होने की कावयद वर्षों से होती रही है, लेकिन सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, गैस गोबर और कचरे व अन्य चीजों से बनाई तेल व गैस की पूर्ति नहीं हो पाई है। भारत के सामने जैसी चुनौती है उससे कहीं ज्यादा चुनौती भारत के पड़ोसी देशों में देखी जा रही है। फिर भी परेशानी से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार पूरी तरह मुस्तैदी से इस संकट को दूर करने में अपना उच्चतम प्रयास कर रही है, जिसमें सफलता भी मिल रही है, लेकिन देश के हर व्यक्ति को इस नए संकट से पैदा होने वाली परेशानियों और चुनौतियों को मिलकर हल करना होगा, जो धैर्य के साथ हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन




## आज की पाती

### अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाती है शिक्षा

मनुष्य के जीवन में शिक्षा का महत्व अत्यंत गहरा माना गया है, परंतु केवल पुस्तकीय ज्ञान या डिग्रियों का संग्रह ही किसी को शिक्षित नहीं बनाता। वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति को अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाए। यदि कोई व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं को संयमित रख सकता है तो वही सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाने योग्य है। इसके विपरीत यदि मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर नियंत्रण नहीं है तो ऐसी शिक्षा का कोई वास्तविक मूल्य नहीं रह जाता। जीवन में महान कार्यों की प्राप्ति तभी संभव है जब व्यक्ति स्वयं का स्वामी बने और अपने विचारों तथा भावनाओं को दिशा देने में सक्षम हो। इतिहास इस सत्य का साक्षी रहा है कि आत्मसंयम के अभाव में असंख्य लोगों का जीवन नष्ट हुआ है। अनेक प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी ही कमजोरियों के कारण सब कुछ खो बैठे। *–बबीता कौशिक, सोनीपत*

करंट अफेयर

# इजराइल की संसद ने पारित किया बजट



इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले एक मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। नेतन्याहू के पास अब भी यह अधिकार सुरक्षित है कि यदि वह चाहें तो समय से पहले चुनाव करा सकते हैं। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान में युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से अभी तक उबर नहीं पाया है। नेता प्रतिपक्ष यायर लैपिड ने इसे 'देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी' बताया। आगामी चुनावों में नेतन्याहू को चुनौती देने की उम्मीद रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने लिखा, 'लालच और छल की सरकार ने रात में डकैती की है।' विपक्षी दल अंतिम समय में किए गए उस संशोधन से विशेष रूप से नाराज थे, जिसमें अति-रूढ़िवादी स्कूलों को अतिरिक्त 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान किए गए थे।

ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के होते हैं कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

X ट्रेंड f

### आदिवासियों को अंधेरे में रखा



जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### जीएसवी में बने उत्कृष्टता केंद्र



विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिभाओं के विकास के लिए गतिशक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। विमानन, रेलवे, समुद्री, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसे क्षेत्रों के लिए विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण में उच्च स्तर की सटीकता और प्रयास की जरूरत होती है। **-अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री

### देश को बांट रही भाजपा



भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है। लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा को कड़ा सबक सिखाएगी। भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर देश को बांटने का प्रयास किया है। **-ममता बनर्जी,** सीएम, बंगाल

### सबको पता है सच



केरल की जनता जमीनी सच्चाई अच्छी तरह जानती। किसी भी बयान से हकीकत नहीं बदलेगी। पूरा केरल जानता है कि असली गठबंधन किसके बीच है। प्रधानमंत्री कुछ भी कहें, सच सबको पता है। भाजपा कभी भी देश का विकास नहीं कर सकती। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



यूएसएस स्प्रूएंस से दागी गई टॉमहॉक

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स का बड़ा दावा

# अमेरिका ने दागीं थीं अनटेस्टेड 'प्रिज्म' मिसाइलें जो भटककर स्कूलों पर गिरी थीं

इस हमले में ईरान के सैन्य ढांचे, जहाजों, एक पनडुब्बी और कुछ जमीनी ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुछ खबरों के अनुसार, इस हमले के दौरान लामर्डमें एक खेल परिसर और स्कूल भी प्रभावित हुए। एक लॉन्चर दो प्रिज्म मिसाइल ले जा सकता है। भविष्य में 1000 किमी तक हमले के लिए विकसित करने की योजना है

» अमेरिकी सेंट्रल कमांड के फुटेज और रिपोर्टों से इस बात की पुष्टि की गई है

» यह मिसाइल हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम लॉन्चर से दागी जाती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान (ऑपरेशन एपिक फ्यूरी) में बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों और प्रिज्म मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए हमलों में, अमेरिका ने एक महीने के भीतर 850 से अधिक टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं। अमेरिकी नौसेना के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर यूएसएस स्प्रूएंस ने इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान के सैन्य ठिकानों, परमाणु सुविधाओं और अन्य 3,000 से अधिक लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों के दौरान एक मिसाइल कथित तौर पर ईरान के मिनाब शहर में एक लड़कियों के स्कूल के पास गिरी, जिसमें 175 से अधिक लोग मारे गए। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। इस दृष्टिक से टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है। करीब 34 करोड़ रुपए की टॉमहॉक बनाने में करीब 2 साल लग सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस कमी पूरी करने में कई साल लगेंगे। ईरान संघर्ष में हुआ, तो स्टॉकभरने में कई साल लग सकते हैं।

## अमेरिका के पास करीब 4000 टॉमहॉक मिसाइलें

टॉमहॉक अमेरिका की खास क्रूज मिसाइल है। यह 1,000 मील (1609 किमी) तक उड़कर 1,000 पाउंड (453 किलो) विस्फोटक सटीक निशाने पर गिरा सकती है। इसके एडवांस वर्जन की रेंज 2500 किमी है। टॉमहॉक का बड़े पैमाने पर पहला इस्तेमाल 1991 के खाड़ी युद्ध में हुआ। अमेरिका ने इराक पर दूर से सैकड़ों मिसाइलें दागीं थीं। टॉमहॉक को समुद्र में मौजूद युद्धपोतों और पनडुब्बियों से भी दागा जा सकता है, जिससे दुश्मन के इलाके में घुसे बिना हमला संभव हो जाता है। अमेरिका बीते एक महीने से ईरान पर हमले कर रहा है। यह पूरी तरह 'स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक' है। यानी हमला इतनी दूर से किया गया कि अमेरिकी सैनिकों को जमीन पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

## 'प्रिज्म' की मारक क्षमता 500 किलोमीटर



टॉमहॉक के अलावा अमेरिका ने ईरान के खिलाफ संघर्ष में पहली बार अपनी नई और अत्यधिक सटीक प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल (पीआरएसएम), जिसे 'प्रिज्म' मिसाइल भी कहा जा रहा है, का इस्तेमाल किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के फुटेज और रिपोर्टों से पुष्टि हुई है कि ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' के दौरान इस मिसाइल का उपयोग किया गया। यह मिसाइल लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित की गई अगली पीढ़ी की मिसाइल जो हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम लॉन्चर से दागी जाती है। इसकी रेंज 500 किमी से अधिक है और यह 640 किमी तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम बताई गई है। एक लॉन्चर दो प्रिज्म मिसाइल ले जा सकता है। इस हमले में ईरान के सैन्य ढांचे, जहाजों, एक पनडुब्बी और कुछ जमीनी ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुछ खबरों के अनुसार, इस हमले के दौरान लामर्डमें एक खेल परिसर और स्कूल भी प्रभावित हुए। हालांकि भविष्य में इसके वर्जन को 1000 किलोमीटर तक हमले के लिए विकसित करने की योजना है।

## हाइफा में तेल रिफाइनरी पर हमला, लगी आग



इजराइल के बंदरगाह शहर हाइफा में हुए हमले में एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है। हमले के चलते रिफाइनरी में आग लग गई और रिफाइनरी से काला धुआं उठता देखा गया। जिस रिफाइनरी को निशाना बनाया गया, वह बाजान तेल रिफाइनरी है और इस जगह पर बीती 19 मार्च को भी हमला हुआ था। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि इजराइली एयर डिफेंस ने दो ड्रोन और पांच रॉकेट को इंटरसेप्ट कर हवा में ही तबाह कर दिया। ये हमले यमन से किए गए। माना जा रहा है कि हूती विद्रोहियों ने ये हमले किए। ईरान से भी रविवार को इजराइली पर मिसाइल हमले किए गए।

## इराक में अमेरिका सैन्य अड्डे पर रॉकेट हमला

इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे यूएस विक्ट्री बेस पर सोमवार को रॉकेट हमला होने का दावा किया गया है। यह सैन्य अड्डा राजधानी बगदाद के पश्चिम में 20 किलोमीटर दूर है। हैरानी की बात ये है कि एयर डिफेंस सिस्टम इस रॉकेट को इंटरसेप्ट नहीं कर सका और रॉकेट हमले में सैन्य अड्डे पर तैनात ए32बी ट्रांसपोर्ट विमान में आग लग गई। इराक के इस अमेरिकी सैन्य अड्डे पर पहली बार हमला हुआ है। यह सैन्य अड्डा इराक में अमेरिका का सबसे सुरक्षित बेस माना जाता है। हालांकि हमले के वक्त सैन्य अड्डे पर अमेरिकी सैनिक मौजूद नहीं थे। इसके अलावा, इराक के मोहम्मद अल्ला एयर बेस पर आज हमला हुआ। यह एयरबेस बगदाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक स्थित है। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### कुवैत में एक भारतीय मजदूर की मौत

कुवैत में एक बिजली और पानी बनाने वाले प्लांट पर हुए हमले में एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। कुवैत के बिजली और पानी मंत्रालय ने बताया कि यह हमला ईरान की ओर से किया गया। मंत्रालय के अनुसार, हमले में प्लांट की एक सर्विस बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा है। यह प्लांट समुद्र के पानी को साफ करके पीने योग्य पानी बनाने और बिजली उत्पादन का काम करता है।

### ईरान ने घरों को बनाया निशाना

पश्चिम एशिया में युद्ध के पहले महीने में ईरान के संयुक्त सैन्य कमांड के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी घर ईरान के लिए वैध लक्ष्य बन गए हैं। इस फैसले का मकसद पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिकी और इजराइली सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को चेतावनी देना है।

## तुलसी से नाराज ट्रंप बोले- वे ईरान के प्रति नरम

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के मामले में उनसे थोड़ी नरम हैं। ट्रंप ने कहा कि उनकी सोच मुझसे थोड़ी अलग है. लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई व्यक्ति सेवा करने के योग्य नहीं है। मैं नहीं चाहता कि ईरान के पास परमाणु हथियार हो। क्योंकि अगर उनके पास परमाणु हथियार होगा तो वे उसे तुरंत इस्तेमाल करेंगे।

आईएईए का दावा परमाणु सामग्री नहीं

## ईरान का भारी जल संयंत्र क्षतिग्रस्त






अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि मध्य ईरान के खोंडाब में स्थित ईरान का भारी जल उत्पादन संयंत्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चल नहीं रहा है। आईएईए ने कहा कि सैटेलाइट तस्वीरों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर आईएईए ने खोंडाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र की पुष्टि की है, जिस पर ईरान ने 27 मार्च को हमले की सूचना दी थी। संयंत्र को गंभीर क्षति पहुंची है और अब यह परिचालन में नहीं है। संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं है। यह प्लांट ईरान के अराक शहर के पास स्थित है और इसे अराक न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स भी कहा जाता है। यहां 'हेवी वाटर' बनाया जाता है, जो खास तरह के परमाणु रिएक्टर में इस्तेमाल होता है। वहीं, ईरान ने बताया कि खुजेस्तान स्टील प्रोडक्शन फैक्ट्री, एक औद्योगिक सुविधा जो औद्योगिक माप के लिए सीलबंद रेडियोधर्मी स्रोतों – कोबाल्ट-60 और सीजियम-137 का उपयोग करती है, को भी निशाना बनाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि संयंत्र से बाहर कोई रेडिएशन रिसाव नहीं हुआ है और सुविधा सामान्य रूप से काम कर रही है।

**इजराइली हमले में 5 की मौत :** दक्षिण लेबनान के एक शहर पर इजराइल के हवाई हमले में 5 लोग मारे गए। इस हमले में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। लेबनान में इजराइल के हमले में एक और स्वास्थ्यकर्मी की मौत हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने बताया कि बिंट जबील में एंबुलेंस पर हमले में एक पैरामेडिक मारा गया और मेडिकल गोदाम भी नष्ट हो गया। 2 मार्च से अब तक 51 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हो चुकी है।

इजराइल में टले चुनाव

## नेतन्याहू सरकार ने पास किया रिकॉर्ड बजट



इजराइल की संसद ने सालाना बजट पास कर दिया है। बजट पास होने के साथ ही समय से पहले चुनाव का खतरा टल गया है। अब सरकार अपने कार्यकाल को जारी रख सकती है। हालांकि इस फैसले के बाद विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। इसे गलत प्राथमिकताओं वाला बजट बताया है। इजराइल में एक अप्रैल तक बजट पास करना जरूरी था, नहीं तो देश में समय से पहले चुनाव हो सकते थे। संसद ने देर रात चली लंबी बैठक के बाद 62 के मुकाबले 55 वोट से बजट पास कर दिया। यह इजराइल का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसके साथ ही पीएम बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के लिए सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। विपक्षी नेता यायर लापिड ने इसे देश के इतिहास की सबसे बड़ी लूट वाला वजट बताया। वहीं, पूर्व पीएम नफ्ताली बेनेट ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह जनता के साथ अन्याय है। खासतौर पर अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स समुदाय के लिए बढ़ाए गए फंड को लेकर विरोध तेज है।


### खबर संक्षेप

### कोलकाता-शंघाई के बीच नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू




**कोलकाता।** इंडिगो ने सोमवार को कोलकाता-शंघाई के बीच दैनिक नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू करने का ऐलान किया है। फ्लाइट 6ई 1709 कोलकाता से रात 9:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 4:40 बजे शंघाई पहुंचेगी, जबकि वापसी की फ्लाइट 6ई 1710 शंघाई से सुबह 5:40 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 9:05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। सेवा एयरबस ए320नियो विमान द्वारा संचालित की जा रही है।

### एयर कनाडा के सीईओ ने मांगी माफी



**ओटावा।** एयर कनाडा के सीईओ माइकल रूसो एक गंभीर भाषाई विवाद के केंद्र में हैं। एक विमान हादसे में मारे गए पायलटों के परिवारों के प्रति अंग्रेजी में शोक संवेदना व्यक्त करने पर उनकी कड़ी आलोचना हुई। अब उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी इस चूक के लिए माफी मांगी है। रूसो पूरी तरह अंग्रेजी में ही बोले। उन्होंने फ्रेंच भाषा के सिर्फ दो शब्दों नमस्ते और धन्यवाद का इस्तेमाल किया।

### दक्षिण प्रशांत महासागर में 7.3 तीव्रता का भूकंप



**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। कोई प्रारंभिक सुनामी चेतावनी, सलाह या खतरा नहीं है।

पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट पर अतिरिक्त सचिव असीम महाजन बोले

# भारतीयों की सुरक्षा और सहायता प्राथमिकता वापसी की व्यवस्था कर रहे, मिशन संपर्क में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है।

विदेश मंत्रालय में खाड़ी मामलों के अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि भारतीय नाविकों और अन्य नागरिकों के कल्याण के लिए भारतीय मिशन लगातार संपर्क में हैं।

उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कांसुलर सहायता, परिवारों से संपर्क और वापसी की व्यवस्था की जा रही है। सरकार संकटग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों, विशेष रूप से भारतीय नाविकों की सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उनके स्वदेश लौटने के अनुरोधों पर कार्रवाई की जा रही है।

### 24 घंटों में लौटे 8 भारतीय नाविक



अतिरिक्त सचिव असीम महाजन

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक संयुक्त अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बोलते हुए कहा कि सभी भारतीय जहाजों और चालक दल पर वर्तमान में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में 8 नाविक सुरक्षित रूप से भारत लौट आए हैं। सिन्हा ने कहा कि फारस की खाड़ी में मौजूद 18 भारतीय जहाज और उन पर सवार 485 नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न हुई अप्रिय घटनाओं में 8 भारतीय नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। हाल ही में कुवैत में एक भारतीय नागरिक की हमले में मृत्यु हो गई। विदेश मंत्रालय ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुवैत स्थित भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करने और पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए समन्वय कर रहा है।

### एक दिन में 2,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जा रहा है। घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाया गया है। पिछले 24 घंटों में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 2,500 से अधिक छापे मारे गए, 2,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

### *दो माह तक केरोसिन वितरण की अनुमति*

*केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई और रोशनी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिट्टी के तेल (केरोसिन) के अस्थायी वितरण को मंजूरी दे दी है। हालांकि, ये राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं। केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।*

### *ऑनलाइन बुकिंग में 95% की वृद्धि*

*सरकार ने कहा है कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। इससे माल की हेराफेरी को रोकने में मदद मिली है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकांश एलपीजी वितरक रविवार को भी कार्यरत थे। व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति का आवंटन 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है।*

अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा

## पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में 'नाराजगी'

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। 'रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और संबंधों को सुधारने में समय लगेगा। लिसा कर्टिस, कीर्ति मार्टिन और सितारा गुप्ता द्वारा लिखित इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत-अमेरिका संबंध गंभीर रूप से डगमगा गए थे। इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर मतभेद और भारतीय सामान पर अमेरिका द्वारा लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ जैसे मुद्दे शामिल थे।



लिसा कर्टिस

### विश्वास बहाली के प्रयास जरूरी

रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने से दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की गई है, लेकिन विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने जरूरी होंगे। भारत और अमेरिका के आर्थिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध भले ही मजबूत बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर मतभेद अभी भी मूलभूत बने हुए हैं। अमेरिका को कश्मीर पर नई दिल्ली की रेड लाइंस का सम्मान करना चाहिए और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से बचना चाहिए। नई दिल्ली, पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवाद पर अमेरिका द्वारा ध्यान न दिए जाने से निराश है। कश्मीर मुद्दे पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के प्रति भारत के लंबे समय से चले आ रहे विरोध को भी फोकस किया गया है।

आईएसआई के साथ थे संबंध

## संदिग्ध लश्कर आतंकी लोन 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने लश्कर-ए-तैयबा के संदिग्ध आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को सोमवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौर ने दिल्ली पुलिस की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें लोन को पूछताछ के लिए पांच दिन की हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया गया था।

दिल्ली पुलिस ने लोन को कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी बताते हुए कहा कि उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के इशारे पर काम करने वाले आतंकवादियों के साथ कथित संबंध थे।

पुलिस ने कहा कि राजा और कश्मीरी जैसे उपनामों से जाना जाने वाला लोन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला है। वह कथित तौर पर उस मॉड्यूल के आका के रूप में काम कर रहा था, जो दिल्ली और कोलकाता में कई जगहों पर राष्ट्र-विरोधी पोस्टर लगाने के मामले में शामिल था।

भारत-कुवैत हवाई संपर्क पर जोर, वीजा विस्तार में देंगे राहत

## भारतीय राजदूत और कुवैत एयरवेज के चेयरमैन के बीच अहम बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुवैत में मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा हालात के बीच भारत की राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात कर उड़ानों के पुनः संचालन और भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर अहम चर्चा की।

कुवैत में भारत की नामित राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात की। यह मुलाकात मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और कुवैत के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने के मद्देनजर एयरलाइन कंपनियों के साथ चल रहे समन्वय का हिस्सा थी।

भारत की कुवैत एयरवेज की उड़ानों को फिर से शुरू करने की अपील



परमिता त्रिपाठी और कैप्टन अब्दुलमोहसेन

### कुवैत एयरवेज को अस्थायी लैंडिंग की अनुमति

मुलाकात का उद्देश्य कुवैत एयरवेज की उड़ानों को फिर से शुरू करना था, ताकि कुवैत में रहने वाले भारतीय नागरिकों के भारत आने-जाने की यात्रा को सुगम बनाया जा सके। जारी दिशा-निर्देशों में वीजा विस्तार, जुर्माने में छूट, निकास अनुमति, नियमों के पालन में छूट और अस्थायी लैंडिंग अनुमति जैसी राहतें शामिल हैं, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से भारत में रहने और यात्रा करने की सुविधा मिल सके। सभी श्रेणियों के वीजा, जिनमें ई-वीजा भी शामिल हैं और जिनकी वैधता जल्द ही समाप्त होने वाली है, उन्हें एक महीने की अवधि के लिए बिना किसी शुल्क के बढ़ाया जा सकता है।

भारत-कतर संबंधों को देंगे मजबूती

### मंत्री और भारतीय राजदूत के बीच वार्ता



कतर की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री से भारत के राजदूत ने मुलाकात की। भारतीय राजदूत ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री मरियम बिन्त अली बिन नासिर अल मिसनाद से मुलाकात किया। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रीय स्थिति में गिरावट के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर चर्चा की गई। राजदूत ने भारतीय समुदाय के समर्थन के लिए मंत्री को भी धन्यवाद दिया। बैठक के दौरान चर्चा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ साझा चिंता के विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित रही। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री ने बैठक के दौरान, किसी भी बढ़ती कार्रवाई को तत्काल रोकने और बातचीत की मेज पर लौटने के साथ-साथ तनाव को नियंत्रित करने के लिए काम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के महत्व को रेखांकित किया।

# जीयो और जीने दो का संदेश देते निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

## जन्मकल्याणक: आकर्षक झांकियों के साथ रजत रथ पर निकले श्रीजी

**जबलपुर।** श्रवण संस्कृति के उन्नायक, अहिंसा धर्म के प्रणेता, जीये और जीने दो के उद्-घोषक श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को यहां पूरी श्रृध्दा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर आकर्षक झांकियों के साथ श्रीजी की एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में चांदी के रथ पर श्री जी सवार होकर निकले. शोभायात्रा में चांदी की 19 पालकी, 4 रजत के रथ ने मन मोह लिया।

श्री दिगम्बर जैन शासनोदय अतिशय तीर्थक्षेत्र हनुमानताल के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई. जिसमें नगरों की मंदिरों की 19 चांदी की पालकी शामिल थीं, 4 रजत रथ और 4 झांकी शोभायात्रा में शामिल थीं। जगह- जगह पुष्प वर्षा हुई व श्रीजी की आरती उतारी गई। दोपहर में भगवान का अभिषेक बड़े फुहारे पर मुनिसंघ के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पार्षद अमरीश मिश्रा, अतुल दानी, पूर्व पार्षद अमित जैन, अभिषेक यादव, सत्येन्द्र जैन "जुग्गु", अनुराग गढावाल. राकेश चौधरी चक्रेश नायक सुबोध कामरेड, अशोक फुग्गा, रवि कक्का उपस्थित थे। जैन समाज की विभिन्न समितियों के सदस्य विभिन्न रंग की पगड़ी पहने थे।शोभायात्रा में हनुमानताल जैन मंदिर से प्रारंभ हुई। जो मिलोनीगंज, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, खजांची चौक, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, गंजीपुरा होकर बड़े फुहारे पर समाप्त हुई।





### मुनिसंघ का मिला सानिध्य

शोभायात्रा को आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री निर्दोष सागर, निलोम सागर, निरुपमसागर, निस्कंप सागर, निस्कामसागर का सानिध्य प्राप्त हुआ।

### मंच लगाकर किया जगह-जगह स्वागत

विभिन्न स्थानों पर मंच लगाकर जैन एडवोकेट्स सोशल आर्गनाईजेशन, विद्यासागर पथ व्यापारी संघ, जैन दवा व्यापारी संघ, महावीर मार्केट - सिविक सेंटर व्यापारी संघ, समरसता सेवा संगठन, जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गनाईजेशन, भारतीय जैन संगठना, आदिनाथ समिती एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप महाकौशल विध्य रीजन ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभ यात्रा में भगवान महावीर जयंती के पांच दिवसीय कार्यक्रम के संयोजक दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, प्रधानमंत्री-अनिल गुड्डा, सतीश वर्धमान, मुकेश फण्वीस, शैलेष चौधरी एवं जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बेंटिया, प्रधानमंत्री शुभम जैन, भावेश जैन, मयंक जैन, अर्पितजैन, पवित्र जैन, अतिशय जैन शोभायात्रा में शामिल थे।

### कवि सम्मेलन आज

आज मंगलवार को रात्रि 9 बजे से कमानिया गेट पर जैन नवयुवक सभा द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित है. इसमें कवि शशिकांत यादव, शंभू शिखर, सुदीप मोला, डॉ. आदित्य जैन, अजहर इकबाल, स्वयं श्रीवास्तव, मनिका दुबे. प्रख्यात मिश्रा काव्य रस की वर्षा करेंगे।

# चार साल के बच्चे ने सुनाया हनुमान चालीसा

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह व जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के प्रयासों से गोलबाजार में लगाए गए पुस्तक मेला के संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक रोहणी की उपस्थिति में एक चार साल के नन्हे से बच्चे यशविन राज द्विवेदी ने हनुमान चालीसा सुनाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। लोगों ने अति प्रशंसा की तथा यशविन ने बहुत बधाई के रूप में प्रमाण पत्र व सौ रुपए की धनराशि प्राप्त की। यशविन सेंट नॉरबर्ट की शिक्षिका रशिका अभिषेक द्विवेदी के पुत्र व सेवानिवृत्त शिक्षिका राजलक्ष्मी द्विवेदी के पोते तथा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमित द्विवेदी के भतीजे हैं।



# पासी समाज के सम्मेलन में 175 युवक, युवतियों ने दिया अपना परिचय, 10 जोड़े बने

**जबलपुर।** पासी महासंघ जबलपुर द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामुदायिक भवन सदर कटंगा में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जोड़े बनाना रहा। पार्षद अमरचंद बावरिया ने बताया कि कार्यक्रम में 175 युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच से दिया और इस दौरान दस जोड़े तय हुए। नगर अध्यक्ष डॉ. ऋषि बावरिया ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देते हैं, ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र अनु. जाति, जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत रहे, अध्यक्षता कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने की। विशिष्ट अतिथि परासिया विधायक सोहन वाल्मीक, सौरभ ताराचंद बावरिया, पासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद रावत, श्रीमती मीरा रावत, गणेश बहोरिया, सचिन्द्र कृष्णा बावरिया रहे। मंच संचालन एड. कमलेश बावरिया, सुनील बावरिया ने किया। कार्यक्रम में मुंबई, कानपुर, लखनऊ, इंदौर, भोपाल, इटारसी, नागपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल एवं छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए। दूरदराज से आये सभी सामाजिक सदस्यों का आभार व्यक्त डॉ. ऋषि बावरिया ने किया। इस अवसर पर तोताराम बावरिया, अमरचंद बावरिया, चमन पासी, श्यामसुंदर बावरिया, धनराज बावरिया, बाबूलाल पासी, राजू पासी, जितेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र बावरिया, संजय बावरिया, डॉ. ऋषभ बावरिया, गंगा बावरिया, केशव कैथवास, कृष्णकांत बावरिया, महेन्द्र पासी, ओमप्रकाश गुर्जर एवं मातृशक्ति उर्मिला बावरिया, कविता अमरचंद बावरिया, संगीता पासी, इन्दु बावरिया, सीमा पासी, संध्या पासी, सुमन पासी, शुभा पासी, मालती गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 26-27 के नगर बजट पर निगम के सफाई कर्मचारियों का ध्यान रखा जाए : बसपा

**जबलपुर।** बसपा नेता राकेश समुद्रे ने मांग की है कि नगर सरकार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बजट पेश किया जाएगा, लेकिन हर वर्ष की तरह इस बार भी सफाई कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार नहीं किया जाए। इस बार वर्ष 2026-27 के बजट में जबलपुर नगर निगम के सफाई कर्मियों का ध्यान रखते हुए बजट में उनको शामिल किया जाए ताकि उनके परिवार को बजट में कुछ राहत व योजनाओं का लाभ मिल सके, क्योंकि नगर निगम के सालाना बजट में पहले उन निगम सफाई कर्मियों का हक बनता है जो लोग पूरे शहर में अपना सफाई का काम करके शहर को साफ सुथरा बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, ऐसे सफाई कर्मियों के लिए इस बार के बजट पर उनके लिए कोई ऐसी योजना लागू की जाए ताकि उनका जीवन अच्छे से गुजर सके। अतः इस महत्वपूर्ण बजट पर नगर सत्ता एवं विपक्ष को विचार विमर्श कर निगम के सफाई कर्मचारियों को और उनके परिवार को कोई योजना में शामिल किया जाए।



# भगवान विश्वकर्मा चौक का लोकार्पण समाज के सम्मान का प्रतीक : महापौर

## उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया लोकार्पण

**जबलपुर।** रानीताल गेट नंबर 3 के समीप नव-नामांकित भगवान विश्वकर्मा चौक के लोकार्पण अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि यह केवल एक चौक का नामकरण नहीं, बल्कि विश्वकर्मा समाज के सम्मान, योगदान और गौरव की औपचारिक स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करना नगर निगम का दायित्व था, जिसे आज पूर्ण किया गया।

महापौर ने बताया कि विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा चौक के नामकरण की मांग किए जाने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को एमआईसी और सदन में रखा गया, जहां से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद रानीताल गेट नंबर 3 के समीप स्थित चौक का नाम भगवान विश्वकर्मा चौक रखा गया और उसका विधिवत लोकार्पण मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा किया गया।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं और उनके नाम पर चौक का नामकरण शहर के विकास और श्रम-सम्मान की भावना को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडेय, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य, विवेक राम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, समाजसेवी संदीप जैन, सुधांशु गुप्ता, श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। महापौर श्री अन्नू ने विश्वकर्मा समाज के सभी सदस्यों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम भविष्य में भी सभी समाजों के सम्मान और शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।




**ऐतिहासिक उपलब्धि**

# दीपक एडवरटाइजिंग को दोहरी सफलता, एनएचएआई ने पुनः सूचीबद्ध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



विज्ञापन एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग ने वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एजेंसी को मध्य प्रदेश एवं राजस्थान क्षेत्रों में पुनः सूचीबद्ध किया है। यह दोनों सफलताएं एजेंसी की रचनात्मक उत्कृष्टता एवं इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में मजबूत क्षमता को प्रमाणित करती है। दीपक एडवरटाइजिंग के प्रबंध निदेशक दीपक जेठा ने कहाकि यह एम्पैनलमेंट हमारी 29 वर्षों की मेहनत, नवाचार एवं क्लाइंट विश्वास का फल है। हम एनएचएआई मध्य प्रदेश एवं राजस्थान सहित पूरे देश में उच्च गुणवत्ता वाली विज्ञापन सेवाएं ग्राहकों को दे रहे है। इस बेहद सफल यात्रा में दीपक एडवरटाइजिंग ने 190+ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, जिनमें 19वीं 'एजेंसी ऑफ द ईयर', समिट इंटरनेशनल क्रिएटिव अवॉर्ड्स (5 बार), आईएनएस मान्यता एवं प्रसार भारती / सीबीसी मान्यता शामिल हैं। दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी ने गत वर्ष में एनएचएआई इवेंट्स, प्रॉपर्टी फेयर एवं डी. पी. ज्वेलर्स रतलाम शोरूम ग्रैंड लॉन्च जैसे प्रमुख कैंपेन सफलतापूर्वक संभालें हैं। दीपक जेठा ने कहा कि आने वाले वित्तीय वर्ष में कुछ अलग करके और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार की उथल पुथल को समझकर जो भी क्लाइंट सही निर्णय लेगा वही सफलता हासिल करेगा।

गोल्ड लोन, ले रही 'प्रॉपर्टी लोन' और 'होम लोन टॉप-अप' की जगह

# बदल रही है अब गोल्ड लोन की छवि ज्वेलरी की वैल्यू बढ़ने से गिरवी का बढ़ा चलन

जबलपुर



भारत में अब गोल्ड लोन की छवि बदल रही है। पहले जहां इसे मजबूरी में लिया जाने वाला आखिरी रास्ता माना जाता था और इससे एक सामाजिक संकोच जुड़ा था, अब यह एक सोची-समझी योजना का हिस्सा बनता जा रहा है। बैंक के मुताबिक लोग अब घर में रखे पुश्तैनी गहनों का इस्तेमाल करके मॉर्टगेज (संपत्ति पर ऋण) या बिना गारंटी वाले लोन (अनसिक्योर्ड लोन्स) के मुकाबले ज्यादा आसानी से, तेजी से और कम ब्याज पर पैसा ले रहे हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट श्रीपद जाधव ने कहा कि यह लोगों के व्यवहार में आया एक बदलाव है। गोल्ड लोन अब केवल संकट या परेशानी से जुड़ा नहीं रहा है। स्थिर आय और संपत्तियों वाले ग्राहक अब अपनी गोल्ड ज्वेलरी को अस्थायी रूप से गिरवी रखकर फंड्स का उपयोग कर रहे हैं, ताकि वे समय के लिहाज से महत्वपूर्ण अवसरों का फायदा उठा सकें। यह छोटी अवधि की जरूरतों को पूरा करने का एक अनुशासित तरीका है। सोने की कीमतों में आई तेज उछाल के कारण घरों में रखी ज्वेलरी की वैल्यू काफी बढ़ गई है। इससे परिवारों को अपनी छोटी और मध्यम अवधि की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने और सामने आने वाले नए अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिल रही है। जाधव ने आगे कहाकि यह व्यवहार रिटेल उधारकर्ताओं में बढ़ते 'कन्वीनियंस-क्रेडिट' (सुविधाजनक ऋण) के ट्रेंड को दर्शाता है, क्योंकि गोल्ड लोन के लिए बहुत ही कम कागज़ी कार्रवाई की जरूरत होती है। जाधव ने कहा कि लागत और समय का फायदा साफ़ दिखता है। गोल्ड लोन पर ब्याज दरें आमतौर पर अनसिक्योर्ड क्रेडिट (जैसे पर्सनल लोन) से कम होती हैं, मंजूरी तुरंत मिलती है और चुकाने के विकल्प भी लचीले हैं। किसी भी सोची-समझी ज़रूरत के लिए यह एक 'स्मार्ट' विकल्प है। ग्राहक सोना गिरवी रखते हैं, पैसे का इस्तेमाल करते हैं, लोन चुकाते हैं और अपनी ज्वेलरी वापस ले लेते हैं।

### बढ़ती जा रही है लोन की राशि

अब 2 लाख से 10 लाख रुपए तक के गोल्ड लोन, 'प्रॉपर्टी लोन' या 'होम लोन टॉप-अप' की जगह ले रहे हैं, क्योंकि यहां स्पीड और लचीलापन ज़्यादा मिलता है। ग्राहक अब अपने सोने को बेचने के बजाय उसे गिरवी रखना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि गिरवी रखे होने के बावजूद समय के साथ सोने की कीमत बढ़ती रहती है। जाधव ने कहाकि समय की कीमत अब बहुत बढ़ गई है। जब बिजनेस परिवारों, एमएसएमई और एचएनआई के पास किसी अवसर का लाभ उठाने के लिए सिर्फ 48-72 घंटे का समय होता है, तो कुछ ही मिनटों में मिलने वाला गोल्ड लोन उनके लिए सबसे सही विकल्प साबित होता है।

# रामायण की समकालीन प्रासंगिकता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, हिमालय के आध्यात्मिक आयामों पर हुआ मंथन

**जबलपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर एवं नवयुग आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंग्रेज़ी विभाग द्वारा "रामायण के अंतर्विषयी आयाम एवं समकालीन प्रासंगिकता: हिमालय की स्तुतियाँ" विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संगोष्ठी का मंच संचालन डॉ. मीना एडिथ केलर द्वारा किया गया, आयोजक सचिव डॉ. प्रतिभा कुमार ने संगोष्ठी के उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। "हिमालय के स्तोत्र" विषय पर समन्वयक नेहा दवे ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन जुड़ीं डॉ. नीरजा ए. गुप्ता कुलपति गुजरात विश्वविद्यालय ने रामायण की समकालीन उपयोगिता को रेखांकित करते हुए इसे भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का मूल आधार बताया। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश गुमास्ता, प्रख्यात अस्थिरोग विशेषज्ञ, जबलपुर ने रामायण के मूल्य को समकालीन जीवन की चुनौतियों और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य से जोड़ा। कनाडा (टोरंटो) से जुड़े विशिष्ट अतिथि दीप शुक्ला ने वैश्विक संदर्भ में रामायण की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

विशेष व्याख्यान में प्रो. जटाशंकर तिवारी एवं आशुतोष सिंह ठाकुर निर्देशक यंग थिंकर्स फोरम भोपाल ने रामायण के दार्शनिक पक्षों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। प्राचार्य एवं अध्यक्ष प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने रामायण में राम के आदर्श चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रवीण त्रिपाठी कुलसचिव धर्मशास्त्र लॉ विश्वविद्यालय की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो.अरुण शुक्ल ने रामायण के साहित्य और समकालीन प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये।प्रथम तकनीकी सत्र महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. नीलांजना पाठक ने की। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश गुमाश्ता ने "रामायणः द हाइम्स ऑफ हिमालय" विषय पर गहन व्याख्यान देते हुए हिमालय के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया। प्रथम सत्र में डॉ. स्मिता बेलवंशी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी में तकनीकी सत्र में शोध-पत्र वाचन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्वानों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। सत्र की अध्यक्षता डॉ. ज्योति जुनगरे, नेहा दवे, डॉ. अर्चना सिंह एवं डॉ. अंशुजा तिवारी ने की। ऑफलाइन सत्र का संचालन डॉ. ममता गुप्ता तथा ऑनलाइन सत्र का संचालन डॉ. संघप्रिया तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. श्रीनिवास राव, अंशुजा तिवारी एवं डॉ. नरेंद्र शुक्ला की विशेष उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। संगोष्ठी में रामायण के साहित्यिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक एवं सामाजिक आयामों पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसमें देश-विदेश के विद्वानों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। संगोष्ठी में आनलाइन 160 एवं आफलाइन में 30 शोध-पत्रों का वाचन किया गया। द्वितीय सत्र में आभार प्रदर्शन डॉ. रवीश तमन्ना तज़ीर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता सिंह का विशेष सहयोग रहा। संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# पाथेय संगीत द्वारा सदाबहार फिल्मी गीत आज

**जबलपुर।** पाथेय संगीत के तत्वावधान में आज 31 मार्च को सायं 7:00 बजे से शहीद स्मारक सभागार में नए-पुराने फिल्मी गीतों का मनमोहक आयोजन किया गया है। समारोह के संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार दुबे एवं परामर्शक राजेश पाठक प्रवीण हैं। संचालन प्रसिद्ध उद्घोषिका डॉ. मंजू गोरे करेंगी। संगीत निर्देशन अनिकेत देवक का है। संयोजक डॉ. दुबे ने बताया कि संगीत संध्या में नगर के प्रतिष्ठित कलाकार विविध फिल्मी गीतों को प्रस्तुत करेंगे जिसमें अर्चना गोस्वामी, डॉ.कृष्ण कुमार दुबे, पल्लवी फाटक, किरण कोपरिहा, दीप्ति रॉय, मयंक विश्वकर्मा, मीनाक्षी शर्मा, अतुल तिवारी, नेहा खरे, डॉ. अनिल कोरी, राजेश तिवारी, डॉ. आज्ञा मिश्रा, विनीता पैगवार, जी.वी. अग्रवाल, अवनि विश्वकर्मा, सारंग कुमार दुबे शामिल हैं।

**नगर पालिक निगम जबलपुर**
**जोन क्र.-7 आधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र/स.अधि./07/M.E.N.P.No.181/2025-26
दिनांक:- 2/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता (1) श्री अजय कुमार (2)अभय कुमार (3) गोपाल कुमार (4) मनोज कुमार श्रीवास्तव चारों के पिता स्व. श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव भवन/खसरा क्रमांक 1013/19 पिन नं. 1000362296 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृह स्वामी श्रीमति माधवीलता श्रीवास्तव पति स्व. श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी जिस पर निर्मित भूतल 1050 R.C.C व.फु. एवं प्रथम तल 750 R.C.C व.फु. पर विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-07 अधारताल**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
31 मार्च 2026



# सहेली



पूरे सप्ताह चालीस से अधिक घंटे काम करने के बाद कोई भी वर्किंग वूमेन वीकेंड आते-आते बर्न आउट हो सकती है। होममेकर की तो और ज्यादा दयनीय स्थिति हो जाती है, उसका तो कोई वीकेंड होता ही नहीं। हफ्ते के सातों दिन जी तोड़ मेहनत, एक-सी दिनचर्या। तो क्या आप चाहेंगी इस ट्रेंड को बदला जाए? निश्चित ही हम सभी एक बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। तो फिर हम क्यों न सुनें, थोड़ी अपने मन की, थोड़ी अपने दिल की।

## सुनें अपने दिल की

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

साल 2021 में शालिनी को मार्केटिंग एजेंसी में एक पसंदीदा नौकरी मिली थी। अपने चुने हुए करियर की दिशा में यह उनका पहला बड़ा कदम था। अगले ही वर्ष उन्होंने तय किया कि वे जगह-जगह दोबारा से घूमने के अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने अपनी एक ट्रैवल एजेंसी शुरू की। दो साल तक यात्रा जारी रखते हुए अपने बिजनेस को संभाला। लेकिन फिर वह पूरी तरह थक कर चूर हो गईं। अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। एड्रेनल बर्नआउट (अत्यधिक तनाव के कारण शरीर का थक जाना), रिश्तों में तनाव और जिंदगी की दूसरी परिस्थितियों के कारण पड़ने वाले दबाव की वजह से सब कुछ छोड़ना पड़ा। शालिनी बताती हैं, 'पूरे एक साल तक लगातार अपनी पूरी ऊर्जा झोंकने के बाद मेरी सारी शक्ति खत्म हो गई थी। लगभग हर दिन पैनिक अटैक से जूझने लगी थी। यहां तक कि घर के सबसे छोटे-मोटे काम भी बहुत भारी लगने लगे थे। फिर मैंने पाया कि अपने भीतर की कुछ खास भावनाओं या ऊर्जा पर ध्यान लगाने से मेरे मन को शांति मिली। अब मेरा फोकस सिर्फ इतना पैसा कमाने पर है, जिससे मेरी बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें।'



### जॉब से ब्रेक लेकर पूरे करें पैशन

**हमें उदाहरण** के तौर पर कई ऐसी महिलाएं मिल जाएंगी, जिन्होंने अपने करियर में ऊंची उड़ानें भरीं-मोटे सैलरी पैकेज के साथ उन्हें कंपनी की गाड़ी और शानदार घर भी मिला। जिंदगी भरपूर एंज्वॉय के साथ चलने लगी। 35 साल की उम्र तक लगा कि सब हासिल कर लिया है। लेकिन एक दिन उन्हें एहसास होता है कि वह तो भागती जिंदगी का हिस्सा बनकर रह गई हैं। असली खुशी नहीं मिल रही है। अंदर से खालीपन महसूस हो रहा है। वे यह भूल चुकी थीं कि उनके लिए क्या जरूरी है और असल में उन्हें क्या चाहिए? उनकी सेहत बिगड़ने लगी। तब उन्होंने पहली बार 'बर्नआउट' (मानसिक और शारीरिक थकावट) का अनुभव किया। ऐसी थकान होने लगी कि कितनी भी नींद या लंबा वीकेंड उसे दूर नहीं कर पातीं। ऐसा लगता जैसे कि सारी ऊर्जा खत्म हो चुकी है। लगभग हर चीज के लिए अपना उत्साह खो दिया है। अंत में उन्होंने सब कुछ छोड़ने का निर्णय लिया। नई शुरुआत की। उन्हें लगा म्यूजिक सीखना चाहिए, पेंटिंग करनी चाहिए। अपने पैशन को जीना चाहिए। उन्होंने वह सब करना शुरू किया, जिसकी चाहत उन्हें बरसों से थी। ऐसा होते ही वह खुश रहने लगीं।

### परफेक्ट बनने के चक्कर में उलझी जिंदगी

लेखिका एवं कोच जेस स्टुअर्ट भी कॉर्पोरेट जगत में काम करते हुए पूरी तरह से थक कर चूर हो गई थीं यानी 'बर्नआउट' की शिकार हो गई थीं। क्योंकि वह खुद को साबित करने और अपने आस-पास के हर किसी का ख्याल रखने में ही बहुत अधिक बिजी थीं। उनके अनुसार, वे एक साथ बहुत सारी चीजें संभालने की कोशिश कर रही थीं और उन सभी को एकदम परफेक्ट बनाना चाहती थीं। लेकिन इससे वह मुश्किल से ही तालमेल बिठा पा रही थीं। उन्हें जिम या काम पर जाने से पहले सुबह जल्दी उठकर योग करने की हिम्मत नहीं होती थी। वह खुद को ही कोसती रहती थीं। उन्हें एहसास हुआ कि यात्रा करने और मीटिंग्स में शामिल होने में ही वे घंटों बिता देती थीं। असल में अपनी जिंदगी नहीं जी रही थीं। अपनी किताब 'बर्नआउट टु ब्रिलियंस' में वे लिखती हैं, 'मैं अपने जुनून को पूरा करना चाहती थी। मैंने लंबे समय के रिश्ते, कॉर्पोरेट जगत का करियर छोड़ दिया और पूरी तरह से दिशा बदलने का फैसला किया। मैंने किताबें लिखनी शुरू की। बाली की यात्रा की। ब्रिटेन में उन लोगों के साथ समय बिताया, जिन्हें मैं प्यार करती थी। इन यात्राओं के बीच कई रिट्रीट और आश्रमों में भी समय बिताया। वहां मैंने योग, माइंडफुलनेस, मौन, ध्यान और खुद से जुड़ने के लिए समय निकाला। यह मेरी जिंदगी का एक अहम मोड़ साबित हुआ।'



### बर्नआउट का हेल्थ पर असर

दरअसल, आधुनिक भारतीय परिदृश्य महिलाओं के लिए एक विरोधाभासी वास्तविकता प्रस्तुत करता है। जहां एक ओर पेशेवर अवसर बढ़े हैं, वहीं घरेलू जीवन की संरचनात्मक अपेक्षाएं कठोरता से बनी हुई हैं। महिलाओं को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। तनावपूर्ण करियर के साथ-साथ परिवार की देखभाल की भूमिका निभानी होती है। यह दीर्घकालिक तनाव उनके स्वास्थ्य पर लगातार प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए पूरे हफ्ते काम करने के बाद बर्नआउट आम बात हो गई है। यह केवल एक सामाजिक घटना नहीं, बल्कि चिकित्सकीय चिंता का विषय बन गई है। साल 2024-25 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लगभग 28.6 प्रतिशत महिलाएं चिंता से ग्रस्त हैं, जबकि 22 प्रतिशत से अधिक महिलाओं में अवसाद के लक्षण पाए गए। असल में ये पारिवारिक जीवन से संबंधित चीजों की योजना बनाने, समन्वय करने और याद रखने के अदृश्य कार्य, मानसिक बोझ का सामूहिक तनाव हैं।



### संतुलन से बनेगी बात

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रति सप्ताह 55 घंटे या उससे अधिक काम करने से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। इनमें हृदय रोग और स्ट्रोक शामिल हैं। इन निष्कर्षों ने काम के लंबे घंटों के बजाय व्यवस्थित लचीलेपन की मांग को और मजबूत किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तो बर्नआउट को आईसीडी-11 के तहत एक व्यावसायिक घटना के रूप में वर्गीकृत किया है। यही कारण है कि कार्यस्थल पर बर्नआउट की समस्या को मान्यता मिली है और टिकाऊ कार्य घंटों के बारे में चर्चा तेज हो गई है। इस संदर्भ में लाइफ कोच शांभवी की सलाह ध्यान देने वाली है, वह कहती हैं, 'जीवन वैसे भी संतुलन का दूसरा नाम है। आज के दौर के शहरी जीवन में पुरुष-महिला दोनों का काम करना जरूरी है। क्योंकि महिलाओं की जिम्मेदारी दोहरी हो जाती है। इसलिए उन्हें अपनी सेहत का पूरा खयाल रखना है। अपनी नींद पूरी करनी है। उन्हें अपने खानपान का उतना ही ध्यान रखना है, जितना वे परिवार के दूसरे सदस्यों का रखती हैं। नाश्ते में प्रोटीन लेना नहीं भूलना है और न नियमित अंतराल में पानी पीना। वे जितना अधिक शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखेंगी, उतना अच्छा परिणाम मिलेगा। महिलाएं अपने शौक पूरे कर सकती हैं। दोस्तों एवं परिजनों के साथ छुट्टियों पर जा सकती हैं, क्योंकि जब मन चंगा, तो सब चंगा।' a

## पत्नी को ऐसे महसूस कराएं खास

जिस तरह पत्नी, पति को खुश रखने में कोई कसर नहीं छोड़ती, छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती है ताकि पति को कोई परेशानी ना हो। पति का भी यह दायित्व बनता है, वह भी अपनी पत्नी का ख्याल रखे, उसे कुछ खास महसूस कराए। इसके लिए वे किन बातों का ध्यान रखें, जानिए।

मैंस कॉर्नर

स्नेहा सिंह



पत्नी को खुश करने की कोशिश करने वाले कई पुरुषों को यह गलतफहमी होती है, उन्हें खुश करने के लिए महंगे उपहार देना चाहिए, जबकि वे छोटी-छोटी बातों से बड़ी आसानी से खुश हो जाती हैं, महंगे तोहफे की कोई जरूरत नहीं है। आइए जानते हैं, पत्नी को खुश रखने और उसे खास महसूस कराने के लिए आप किन बातों का ध्यान रखें-

**अपने प्रेम को अभिव्यक्त करें:** अधिकांश महिलाओं को वे पुरुष ज्यादा पसंद आते हैं, जो उनसे खुलकर प्रेम जताते हैं। तो समय-समय पर पत्नी को गले लगाएं, अपने प्यार को शब्दों और व्यवहार से व्यक्त करें। सच्चे प्रेम की अभिव्यक्ति बहुत गहरा असर करती है। इससे न केवल पत्नी खुश होती है, पति-पत्नी दोनों का रिश्ता और गहरा होता है।

**कभी-कभी ब्रेकफास्ट बनाएं:** अगर आप सुबह उठकर पत्नी के लिए चाय-कॉफी या हल्का नाश्ता बनाएंगे तो यह उसके लिए एक प्यारा सरप्राइज होगा। आपको नाश्ता और खाना बनाना नहीं आता है तो आजकल इंटरनेट से नई डिशेज की रेसिपी सीखी जा सकती है। एक बार आप नई डिश बनाना शुरू करेंगे तो कोई भी डिश आसानी से बना लेंगे।



**अच्छे श्रोता बनें:** महिलाओं को ऐसे पुरुष अच्छे लगते हैं, जो उनकी बातों को ध्यान से सुनते हैं। जब भी पत्नी आपसे बात करे, तो मोबाइल या टीवी देखने के बजाय उसकी आंखों में देखकर उसकी बातें ध्यान से सुनें। इससे निश्चित ही आपकी पत्नी खुद को खास महसूस करेगी।

**डेट नाइट की प्लानिंग करें:** शादी के बाद भी पत्नी अपने पति के साथ खास समय बिताना चाहती है। आप कभी-कभी डेट नाइट की प्लानिंग बनाएं। बाहर जाकर किसी अच्छे होटल में पत्नी की पसंद का खाना खाएं, साथ में अच्छा समय बिताएं। इससे उसे महसूस होगा कि वह आपके लिए बहुत खास है।


**पत्नी को दें भावनात्मक सुरक्षा:** पत्नी की सिर्फ शारीरिक सुरक्षा ही नहीं, भावनात्मक सुरक्षा भी जरूरी है। अपनी भावनाएं पत्नी से साझा करें, साथ ही उसकी भावनाओं को भी समझने की कोशिश करें। मुश्किल समय में उसका साथ दें और उसकी हिम्मत बनें। इससे पत्नी का आपके प्रति भरोसा और भी अधिक बढ़ेगा।

**हाथ से बनी हुई भेंट दें:** हाथ से लिखा हुआ पत्र, छोटा-सा कार्ड या स्वयं बनाया गया कोई उपहार पत्नी के लिए बेहद खास होता है। यह महंगे तोहफों से भी ज्यादा दिल को छूता है। इसलिए समय-समय पर पत्नी को हाथ से बनी चीजें दें।

**सुबह प्यारा सा संदेश भेजें:** दिन की शुरुआत एक अच्छे संदेश से करें। स्मार्टफोन इसके लिए बहुत यूजफुल रहेगा। जब सुबह के समय पत्नी को आपका प्यार भरा मैसेज दिखेगा तो यकीन मानिए, आपका एक छोटा-सा प्यार भरा मैसेज पत्नी का पूरा दिन खुशहाल बना देगा। आपको भी उसे खुश देखकर खुशी होगी।

जी हां, दांपत्य रिश्तों में मिठास महंगे उपहारों से नहीं, छोटी-छोटी बातों और सच्चे प्रेम से आती है। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी पत्नी को खुश रख सकते हैं, उसे यह महसूस करा सकते हैं कि वह आपकी जिंदगी में बहुत ही खास है। a

## ग्लोइंग फेस के लिए इफेक्टिव होम रेमिडीज



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

चेहरा धोने के लिए यूज किए जाने वाले कुछ फेस वॉश में केमिकल्स होते हैं, जिनको लगाने से चेहरे पर दाग, धब्बे उभरने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में चेहरा बदसूरत या डल दिखने लगता है। इनसे बचने के लिए अगर आप आसानी से तैयार होने वाले घरेलू हर्बल उत्पादों का चेहरे पर इस्तेमाल करें तो बेहतर परिणाम नजर आएंगे।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध को कॉटन पैड की मदद से चेहरे पर लगाएं और पांच मिनट तक चेहरे की क्लींजिंग करें। इसके बाद चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालें। कच्चा दूध कील-मुंहासों को हटाने में मददगार होता है। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरा कोमल-चमकदार हो जाता है।



**दही:** अगर आप रोज सुबह चेहरे पर दही लगाएंगी, तो इससे त्वचा दिन भर फ्रेश और खिली-खिली नजर आएगी। रात में चेहरे पर दही लगाने से, त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी और धूल-मिट्टी आसानी से निकल जाती है। आप 2 चम्मच दही में 2 चम्मच बेसन और चुटकी भर हल्दी मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। 20-25 मिनट बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए आप कुछ दिनों तक रोजाना चेहरे पर दही लगा सकती हैं। दही, बेसन और हल्दी का फेस पैक स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह सभी स्किन टाइप के लोगों के लिए अच्छा होता है।

**हल्दी-दूध फेस पैक:** आधा छोटा चम्मच हल्दी पावडर में दो छोटे चम्मच दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिलाकर फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। फेस पैक को सूखने दें। हल्के हाथों से रब करते हुए पानी से त्वचा को साफ कर लें। इस पैक को हफ्ते में दो-तीन बार लगाएं।



**एलोवेरा जैल:** एलोवेरा जैल को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। पौधे से निकाला गया जैल पत्ते की लुगदी होती है और पत्तियों के अंदरूनी हिस्सों में पाई जाती है। एलोवेरा को घरेलू उपचार के तोर पर प्रयोग करने में पहले पौधे को पूरी तरह धो लेना चाहिए फिर पूरी स्वच्छता का ध्यान रखते हुए एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा को मुलायम बनाए रखने में मदद करता है।

**शहद:** शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। मॉयश्चराइजर त्वचा को कोमल, हेल्दी और आकर्षक बनाए रखता है। इसके लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इसको अपने चेहरे, गर्दन और शरीर के खुले भागों पर लगाएं फिर आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार उपयोग में ला सकती हैं। a

## प्रेग्नेंसी के दौरान योगा बरतें सावधानियां

हालांकि प्रेग्नेंसी के दौरान हैवी वर्कआउट या कठिन आसन करना हार्मफुल हो सकता है। लेकिन डॉक्टर की सलाह पर ट्रेनर की निगरानी में अगर कुछ सरल योगासन करें तो आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

योगा जोन

दिव्यज्योति 'नंदन'

प्री-नेटल योगा आमतौर पर बहुत धीमी गति से की जाने वाली वो प्रैक्टिस है, जो गर्भावस्था के दौरान हमारे शरीर में आने वाले शारीरिक और भावनात्मक बदलावों को सपोर्ट करने के लिए की जाती है। यह योगा गर्भावस्था के शुरुआती दिनों से शुरू होकर डिलीवरी तक आसानी से किया जा सकता है। प्री-नेटल योगा आप घर पर रहकर ऑनलाइन, यू-ट्यूब द्वारा दिखाए गए वीडियोज के जरिए भी कर सकती हैं। लेकिन इसे करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर कर लें और योगा ट्रेनर के निर्देशन में करना ही सुरक्षित रहेगा।



**योगासन करने के फायदे:** हल्के-फुल्के योगासन गर्भावस्था में पूरी सुरक्षा देते हैं और इनके जरिए आप श्वास पर नियंत्रण करके अपने रक्त संचार को बेहतर कर सकती हैं। इससे अपने गर्भ में पल रहे बच्चे के साथ अपना एक गहरा कनेक्शन भी महसूस कर सकती हैं। यह योगा प्रैक्टिस, पेन फ्री गर्भावस्था के लिए आपको शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। आप इन आसनों को करके एनर्जेटिक फील करती हैं।



**सावधानी से करें प्रैक्टिस:** जो महिलाएं प्रेग्नेंट हैं और जिन्होंने अभी तक योगा शुरू नहीं किया है, उनको योगासन करने के लिए सर्टिफाइड प्री-नेटल ट्रेंड इंस्ट्रक्टर से ही ट्रेनिंग लेनी चाहिए। शुरूआत में मंद गति से सांस लेना और छोड़ना, शरीर को धीरे-धीरे स्ट्रेच करने और गर्भावस्था के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किए गए बेसिक पोस्चर के साथ योगा करना चाहिए। क्योंकि गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में नए-नए तरह के बदलाव होते हैं। इसके लिए इसे रोज हर हाल में करने की बजाय उतना ही करना चाहिए, जिससे आपको थकान न लगे। ज्यादा कठिन आसन और एडवांस पोस्चर, विशेष तौर पर बिना किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस के नहीं करने चाहिए। आपका शरीर जिन आसनों को करने में रिलैक्स फील करे, आपको उतना ही श्रम करना चाहिए, तभी आपका शरीर धीरे-धीरे योगासन के लिए अपने आपको शारीरिक रूप से तैयार कर सकता है।

**रखें इन बातों का ध्यान:** प्रेग्नेंसी के दौरान योगा करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें।

- प्री-नेटल योगासन डॉक्टर की सलाह पर ही योगासन करें।
- श्वसन क्रिया, हल्के-फुल्के पोस्चर जैसे कैट पोज, मलासन पर ही फोकस करें।
- सीने की मांसपेशियों और एडविक फ्लोर को मजबूती देने वाले आसन ही करें।
- मेडिटेशन और प्राणायाम करें।
- उन्हीं आसनों को करें, जो आपको एकाग्रचित होने में सहयोग करें और आपके लिए आरामदेह साबित हों।
- कमर को पीछे की ओर ज्यादा मोड़ने वाले, अचानक मुद्रा में बदलाव करने वाले, जंप बैक और दूसरे कठिन आसन करने से परहेज रखें।
- कपालभाति या सांस रोकने वाले आसन भी किए जा सकते हैं।
- ज्यादा स्ट्रेचिंग न करें, क्योंकि इन दिनों हार्मोनल बदलाव के कारण शरीर में लचीलापन आ जाता है, जो जोड़ों के सेहत के लिए सही नहीं होता। a




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# पहला मैच, बड़ी चुनौती, खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर



एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था, जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाए हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।



### गुजरात टाइटंस की टीम संतुलित

अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है । सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाए थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है।गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे।

### टीमें इस प्रकार

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू , पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे और विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया , राशिद खान

**मैच :** शाम 7.30 से

### श्रेयस पर करेगा बहुत कुछ निर्भर

*पंजाब किंग्स के लिए एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा, जो तीन अलग-अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाए थे। पंजाब की ताकत उसके भारतीय क्रिकेटरों में है जिनमें सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य शामिल है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हालांकि उनका बल्ला खामोश रहा था। मध्यक्रम में निहाल वढेरा, शशांक सिंह और सूर्यांश शेडगे हैं, जिनका सामना राशिद खान की अगुवाई में बेहतरीन स्पिन आक्रमण से होगा।*

## खबर संक्षेप



### महिला एशियाई कप के लिए टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को थम्मासैट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद 5 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होंगे। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची और उन्हें स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले।

### क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी : रहाणे



**मुंबई।** अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिए क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की, जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। रहाणे ने कहा,' लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं।

### अफरीदी और रजा ने तोड़ा सुरक्षा प्रोटोकॉल



**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग की लाहौर कलंदर्स टीम के कप्तान शाहीन अफरीदी और विदेशी खिलाड़ी सिकंदर रजा को उनके होटल का टीम सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का दोषी पाया गया है। लाहौर डीआईजी ने पीएसएल के सीईओ को बताया कि शहर के पांच सितारा होटल में जहां आठ टीमें ठहरी हैं, सुरक्षा प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूर्व चेतावनी और मनाही के बावजूद शाहीन और सिकंदर ने रजा के आठवें माले स्थित कमरे में रात डेढ बजे तक चार मेहमानों की मेजबानी की।

**2017 में फेडरर के बाद कमाल करने वाले सिनर बने दूसरे पुरुष खिलाड़ी**

# सिनर का 'सनशाइन डबल' पूरा, लेहेका को हराकर मियामी ओपन पर कब्जा

एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया।

सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

### पहली सर्विस पर जीते 92 प्रतिशत अंक

दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी सिनर ने मुकाबले में अपनी पहली सर्विस पर 92 प्रतिशत अंक जीते और पूरे मैच के दौरान मिले तीनों ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 मुकाबलों में बिना सेट गंवाए अपनी जीत की सीरीज को 17 तक पहुंचा दिया।



### सनशाइन डबल हासिल करना मेरे लिए अविश्वसनीय : यानिक

मुकाबले के बाद सिनर ने कहा कि, मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है इसलिए मैं बेहद खुश हूं। अब घर लौटने को लेकर उत्साहित हूं। पहली बार सनशाइन डबल हासिल करना मेरे लिए अविश्वसनीय है मैंने कभी नहीं सोचा था कि ये संभव हो पाएगा।

### सिनर ने लगातार 34 सेट जीतकर बढ़ाया रिकॉर्ड

सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 34 सेट जीतकर अपना शानदार रिकॉर्ड भी बढ़ाया, जो पिछले साल के पेरिस मास्टर्स की शुरुआत से जारी है। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के मुताबिक, इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 19-2 हो गया है। 24 साल के सिनर ने अपने करियर में पहली बार इंडियन वेल्स जीता और 'सनशाइन डबल' जीतने वाले आठवें पुरुष खिलाड़ी बने। नोवाक जोकोविच और फेडरर ने कई मौकों पर यह उपलब्धि हासिल की है। जिम कूरियर (1991), माइकल चांग (1992), पीट सम्प्रास (1994), मार्सेलो रियोस (1998), आंद्रे अगासी (2001), रोजर फेडरर (2005-06) और नोवाक जोकोविच (2011, 2014-16) वो खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने सिनर से पहले सनशाइन डबल पूरा किया है।

### 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं छठी जोड़ी बनी टेलर-कैटरीना



अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6 (0), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं।

**कैंडिडेट्स टूर्नामेंट**

# प्रज्ञानानंदा और कारुआना पहले राउंड के बाद टॉप पर



एजेंसी ▶▶ पाफोस

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत नीदरलैंड के अनीश गिरि को हराकर की और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फेबियानो कारुआना तथा उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पहले दौर में विश्व कप चैंपियन सिंदारोव ने रूस के आंद्रेइ एसिपेंको को हराया जबकि कारुआना ने अमेरिका के ही हिकारु नकामूरा को मात दी।

■ सिंदारोव ने एसिपेंको को हराया, कारुआना ने नकामूरा को दी मात

आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में जर्मनी के मथियास ब्लूबाम और चीन के वेइ यि के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

### दिव्या ने मुजिचुक से खेला ड्रॉ



महिला वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जो कोनेरु हम्पी की जगह खेल रहीं हैं । वहीं आर वैशाली ने कजाखस्तान की बिबिसारा असायुबायेवा से ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने हमवतन कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला जबकि चीन की झू जिनेर और तान झोंग्यी के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट ओपन और महिला वर्ग में खेला जाता है, जिससे अगले विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय डी गुकेश और चीन की जू वेंजुन विश्व चैंपियन हैं।

**केकेआर को 1.7 करोड़ नुकसान**

# कैमरुन ग्रीन ने नहीं की मुंबई के खिलाफ गेंदबाजी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

कैमरुन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं। वह टूर्नामेंट के इतिहास के अब तक के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। केकेआर ने मिनी नीलामी में ग्रीन को 25.2 करोड़ रुपए में खरीदा था।

आईपीएल 2026 में केकेआर के पहले मुकाबले में वो बल्लेबाजी में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। साथ ही उन्होंने गेंदबाजी भी नहीं की, जिस कारण केकेआर को डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं केकेआर की पारी के दौरान कैमरून ग्रीन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय तक अंजिक्य रहाणे और फिन एलन ने एक मजबूत साझेदारी बनाई थी। एलन जब आउट हुए तब 5.2 ओवरों में केकेआर का स्कोर 69 रन था।

ग्रीन के पास मौका था लेकिन वह महज 10 गेंद खेल कर 18 रन ही बना पाए। शार्दुल ठाकुर की गेंद पर वह अपना कैच रदरफोर्ड को थमा बैठे। इसके बाद उन्होंने मैच में एक गेंद तक नहीं फेंकी।

### कैमरन कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यों नहीं कर सके । ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा,' क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया,' कैमरन को कमर में चोट लगी थी, जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10-12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पाएगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है।' ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी। पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके।

**एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

# प्रीति और दीपक ने की जीत से शुरुआत

**उलानबटोर।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पंवार और दीपक ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज की।



महिलाओं के 54 किग्रा वजन वर्ग में प्रीति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा (2025 की पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन हैं) के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। पुरुषों के 70 किग्रा वजन वर्ग में दीपक (बॉक्सैम एलीट अंतरराष्ट्रीय 2026 टूर्नामेंट के रजत पदक विजेता और एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता) ने उज्बेकिस्तान के खावासबेक असदुल्लाएव को 3-2 के विभाजित फैसले में हराया। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में पूरे महाद्वीप के कुछ बेहतरीन मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

**शीतल बनीं विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज**

# शीतल देवी ने जीता सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज का खिताब

एजेंसी ▶▶ लुसाने

भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है, जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजाएं नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है।

### शीतल ने की कई उपलब्धियां हासिल



विश्व तीरंदाजी ने कहा,'भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है, जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की।' शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है।

### मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा

शीतल ने एक्स पर लिखा,' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिए मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।'

**मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन पर दे रही ध्यान**

# मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक : कोमोलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।



### गंभीरता से कर रही हूं तैयारी : कोमोलिका

कोमोलिका ने कहा, 'मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।'

### मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। कोमालिका ने कहा, 'मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है।' उन्होंने कहा, 'अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। '




### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आदेश में किया संशोधन

# ओबीसी आरक्षण के दो केस सुनेगा सुप्रीम कोर्ट, बाकी 52 पर हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को होगी सुनवाई

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश में ओबीसी आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश को संशोधित किया है। इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने वापस हाई कोर्ट भेज दिया था। लेकिन अब उनमें से दो याचिकाओं को वापस सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए मंगाया गया है। शेष 52 याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट में 2 अप्रैल को होगी। ओबीसी आरक्षण को बढ़ाकर 27% करने के सरकार के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में 103 याचिकाएं लगाई गईं थी । तर्क दिया गया था कि इंदिरा साहनी केस के अनुसार आरक्षण किसी भी स्थिति में 50% से अधिक नहीं हो सकता है.।और यदि अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण दिया जाता है तो यह 50% से ज्यादा होता है। शुरुआत में इस मामले की सुनवाई मप्र हाईकोर्ट में हुई । लेकिन सरकार 54 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ले गई । सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद 19 फरवरी को इन याचिकाओं को मप्र हाईकोर्ट में दोबारा सुनवाई के लिए भेज दिया। इस पर एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से रिव्यू याचिका



लगाई गई । इस पर सुनवाई के बाद इन 54 याचिकाओं में से दो याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने वापस सुनवाई के लिए रिकॉल किया है। दीपक कुमार पटेल बनाम मध्य प्रदेश शासन व हरिशंकर बरोदिया बनाम मध्य प्रदेश शासन के मामलों की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में होगी।19 फरवरी के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को निर्देश दिया था कि मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष बेंच गठित कर तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी की जाए। ये निर्देश संशोधित आदेश में यथावत रखा गया है एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह और वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा।

**हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा की निरस्त**

## डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव तो कैसे बनाया दुष्कर्म का आरोपी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि जब डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव है तो अपीलार्थी को दुष्कर्म का आरोपी कैसे बना दिया गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस बिसेन की डिवीजन बेंच ने अपीलार्थी को दी गई आजीवन कारावास की सजा निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि जुर्माने की वसूली गई राशि अपीलार्थी को वापस की जाए। बालाघाट निवासी आशीष बिसेन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बालाघाट की विशेष कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को अपीलार्थी को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अपीलार्थी पर आरोप था कि उसने 9 माह बी बच्ची के साथ ज्यादती का प्रयास किया। दलील दी गई कि अपीलार्थी का पीड़िता के परिवार से पुरानी दुष्मनी थी। डीएनए टेस्ट भी नकारात्मक आई, इसके बावजूद उसे दोषी करार दे दिया गया। हाईकोर्ट ने अपील पर सुनवाई के बाद कहा कि डीएनए रिपोर्ट नकारात्मक है, स्वतंत्र गवाहों ने अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया है। पीड़िता की मां ने अपीलकर्ता के साथ अपनी दुश्मनी स्वीकार की है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह झूठे केस में फंसाने का मामला है।

**हाईकोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता से रिकवरी का आदेश निरस्त**

## सेवानिवृत्त तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से रिकवरी अवैध

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि सेवानिवृत्त तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से रिकवरी अवैध है। इस मत के साथ जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ रिकवरी आदेश निरस्त कर दिया। मंडला निवासी मान सिंह झारिया की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता वार्ड बॉय के पद से 2022 को सेवानिवृत्त हुआ। विभाग ने 24 फरवरी 2025 को याचिकाकर्ता की ग्रेच्युटी के विरुद्ध 74 हजार रुपए की रिकवरी निकाल दी। विभाग ने यह दलील दी कि याचिकाकर्ता को जनवरी 1986 से 2003 तक अधिक भुगतान कर दिया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने रफीक मसीह प्रकरण में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व में किए गए अतिरिक्त भुगतान की रिकवरी अवैधानिक है। इस संबंध में विभाग को अभ्यावेदन दिया गया। कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## एंटी रैबीज इंजेक्शन लगने के बाद बच्ची की मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले के ग्राम मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगने के बाद 2 साल की एक मासूम बच्ची की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मझगवां निवासी दिनेश वंशकार की 2 साल की मासूम बच्ची को गत दिनों एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद परिजन उसे तत्काल उपचार के लिये स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्ची को रेबीज से बचाव के लिये इंजेक्शन लगाया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगते ही बच्ची की हालत और बिगड़ने लगी तत्पश्चात इलाज के दौरान बच्ची की मृत्यु हो गई। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले को जनहित में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण में सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष डॉ। अवधेश प्रताप सिंह ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारो के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

**पेंटीनाका में सड़क हादसे में घायल वृध्द की मौत**

## घर के सामने बैठे युवक को कार ने कुचला

**जबलपुर।** सिविल लाइन और केन्ट क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। सिविल लाईन थाना अंतर्गत ललित कालोनी में कार ने जमकर कोहराम मचाया, घर के सामने बैठ कर अखबार पढ रहा युवक उसकी चपेट में आ गया। इसी तरह पेंटीनाका इलाके में सड़क दुर्घटना में घायल वृध्द की मौत हो गई।

सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित कालोनी में कार ने कोहराम मचा दिया। यहां पर तेज रफ्तार कार ने बच्चों सहित एक महिला व युवक विकेश को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में विकेश की मौके पर मौत हो गई। वहीं बच्चों व महिला के शरीर पर चोट आई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि ललित कालोनी में सोमवार की सुबह दस बजे के लगभग तेज गति से आई कार के चालक ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी इसके बाद दो बच्चों को अपनी चपेट में लिया और फिर दुकान के बाहर बैठकर अखबार पढ़ रहे विकेश उरभा को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि विकेश उरभा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और चालक रोहित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

इसी तरह केन्ट थाना अंतर्गत पेंटी नाका में एक सड़क हादसे में घायल अनुराधा कालोनी धोबीघाट गोराबाजार निवासी 67 वर्षीय वृध्द राजकुमार करयार को कल रात एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## ग्राम सूखा में गोलीबारी से सनसनी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र अंतर्गत जबालीपुरम कॉलोनी में दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत का माहौल बना दिया। वारदात के बाद मोपेड सवार बदमाश मौके से फरार। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 10.30 बजे एक मोपेड में सवार होकर आए दो बदमाशों ने जाबालीपुरम कालोनी सूखा में इस वारदात को अंजाम दिया। हीरालाल वर्तमान में जबालीपुरम कॉलोनी सूखा में रहकर निर्माण कार्यों की देखरेख और सुपरवाइजर का काम संभालता है। मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों की साईट में तैनात चौकीदारों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल की तो वहां दो अलग-अलग स्थानों पर कारतूस के खोखे पड़े मिले।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240